हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 2 अगस्त 2025
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

10 नालों में गंदगी, महापौर ने सफाईकर्मी को लगाई फटकार



11 नियमों को ताक पर रख करवा रहे काम, बिजली विभाग मौन






## खबर संक्षेप

### गंदगी फैलाने और सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्रवाई

**भिलाई नगर।** जोन क्रमांक 1 वार्ड क्रमांक 4 नेहरू नगर एवं वार्ड 17 सब्जी मंडी में कार्रवाई की गई है। प्रतिष्ठानो में सिंगल यूज प्लास्टिक, गुमास्ता लाइसेंस एवं रोड में गंदा पानी बहाए जाने पर चालानी कार्रवाई किया गया है । चालानी कार्रवाई में मुख्य रूप से न्यू महामाया सब्जी भंडार का 1000 रुपए, कारे लाल सब्जी भंडार 200 रूपये, गुड्डु सोन सब्जी भंडार 200 रुपये, अर्जुन सिंह भाटिया 10000 रूपये, अर्जुन सिंह भाटिया 2000 रूपये, संचालक कुक हाउस कंपनी 12000 रूपये इस तरह कुल राशि 25400 रुपये की चालानी कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान कमलेश द्विवेदी, प्रशांत सिंह, संतोष हरमुख एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### शराब के लिए रुपए मांगा, नहीं देने पर मारपीट, गिरफ्तार

**भिलाई।** शराब पीने के लि पैसा नहीं देने पर मारपीट करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि कैम्प 1 आजाद मोहल्ला निवासी रेजाला बानो के पति शमीम अंसारी को मोहल्ले के गोल्डी उर्फ परमजीत सिंह ने शराब पीने के लिये पैसा मांगा। नहीं देने पर उसे जान से मारने की धमकी देकर पत्थर से मारने पर पति को मुंह और नाक मे चोट आई। आरोपी की पता तलाश में पुलिस जुटी रही सूचना पर पुलिस ने 5 माह से फरार आरोपी परमजीत सिंह कोसा को पकड़ा गया।
पूछताछ में घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

### मारपीट करने वाला पुलिस पकड़ाया, भेजा जेल

**भिलाई।** दुकान में घुसकर मारपीट करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि चंद्रशेखर देवांगन कपड़ा दुकान में काम करता है। आरोपी सूर्यकुमार भारती नशे की हालत में उसके दुकान में जबरन घुसकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। दुकान संचालक व सहकर्मी योगेंद्र सिंह बीच बचाव करने पर आरोपी ने उनके साथ भी गाली गलौच करने लगा।

### अपचारी बालक से गांजा जब्त

**भिलाई।** गांजा की तस्करी करने वाले अपचारी बालक को पुलिस ने पकड़ा है। उसके पास से पुलिस ने 1. 202 कि.ग्रा. गांजा जब्त किया। जिसकी कीमत 15 हजार रुपए आंकी गई है। नगदी सात सौ रुपए जब्त किया गया है। घटना जेवरा सिरसा पुलिस चौकी क्षेत्र का है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया मुखबिर की सूचना पर ग्राम जेवरा शीतला मंदिर के पास अवैध रूप से गांजा रखकर बेचने वाले बालक को पकड़ा गया है।

**दिक्कत बढ़ी :** हर महीने होती है 2400 सोनोग्राफी और 600 सीटी स्कैन

# जिला अस्पताल में सोनोग्राफी और सीटी स्कैन बंद रेडियोलॉजिस्ट के सेवानिवृत्त होने पर बिगड़े हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

जिले के सबसे बड़े जिला अस्पताल में एक अगस्त से सोनोग्राफी और सीटी स्कैन बंद हो गई है। इस अस्पताल में एक मात्र रेडियोलॉजिस्ट डॉ. बद्रीप्रसाद देवांगन 31 अगस्त हो सेवानिवृत्त हो गए। उनकी जगह अब कोई भी रेडियोलॉजिस्ट नहीं हैं। इसलिए अस्पताल प्रबंधन ने सोनोग्राफी बंद कर दी है। सीटी स्कैन की रिपोर्ट भी डॉ. देवांगन ही तैयार करते थे। इसलिए बिना रिपोर्ट के सीटी स्कैन मरीजों को दे नहीं सकते। मौजूदा हालात में सबसे बड़ी दिक्कत इमरजेंसी मरीजों और गभर्वती महिलाओं को हो गई है। जिन्हे लौटना पड़ा।



### हर महीने होती थी 2400 सोनोग्राफी और 600 सीटी स्कैन

जिला अस्पताल में पहले हर दिन करीब 80 सोनोग्राफी और 20 सीटी स्कैन हो रहे थे। यानी महीने में 2400सोनोग्राफी और 600 सीटी स्कैन होते रहे हैं। यह अस्पताल नेशनल हाईवे से लगा हुआ है। इसलिए दुघर्टनाग्रस्त लोग यहां इलाज के लिए आते हैं। हर दिन इमरजेंसी के 10 से 12 प्रकरण होते हैं जिनकी सोनोग्राफी और सीटी की तत्काल आवश्यकता होती है।

### निजी सेंटरों में कई गुना शुल्क देने की मजबूरी

रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने से इतने ज्यादा मरीजों को निजी सेंटरों में जाना पड़ रहा है। प्रभावित गीता बाई, अनिता साहू, गायत्री निषाद, सुखबती, वंदना, यामिनी आदि ने बताया कि जिला अस्पताल में सोनोग्राफी शुल्क बेहद कम थी। सोनोग्राफी के महज 100 रुपए शुल्क लिए जाते थे। बीपीएल और सीनियर सिटीजनों को नि:शुल्क था। अब इन मरीजों को निजी सेंटरों में सोनोग्राफी के 900 से 1200 रुपए और सीटी स्कैन के 3000 से 5000 रुपए तक देने पड़ रहे हैं।

### पहले आता था 21 दिन बाद नंबर

रेडियोलॉजिस्ट डॉ. देवांगन थे तो जिला अस्पताल प्रबंधन ने एक मात्र रेडियोलॉजिस्ट होने की वजह से मरीजों को 21 दिन बाद सोनोग्राफी के लिए डेट दी जा रही थी। इसमें पेट संबंधी रोगों के अलावा गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी भी शामिल था। लेकिन अब तो यह सुविधा भी पूरी तरह बंद हो गई है।

### बिना सोनोग्राफी के ये कार्य होंगे प्रभावित

**पहला- गर्भस्थ शिशु जांच**

डॉक्टरों के मुताबिक जिला अस्पताल में हर दिन मदर चाइल्ड यूनिट में गर्भवती महिलाओं की जांच होती है। जांच के लिए हर दिन 100 से 120 महिलाएं आती हैं। इन सभी महिलाओं की जांच के बाद स्त्री रोग चिकित्सक सोनोग्राफी करवाती है। ताकि गर्भस्थ शिशु की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जा सके।

**दूसरा- सीजर डिलीवरी**

जिला अस्पताल में रोजाना 80 से 100 महिलाओं की डिलवरी इस यूनिट में हो रही है। जिसमें से 20 से 30 गर्भवती महिलाओं की डिलवरी सीजर से करना होता है। सीजर के पहले सोनोग्राफी होना अनिवार्य है। अस्पताल में सोनोग्राफी बंद होने की स्थिति में ऐसी महिलाओं की डिलवरी सबसे ज्यादा प्रभावित होगी।

**तीसरा- एमएलसी प्रकरण**

जिला अस्पताल में हर दिन 40 से ज्यादा एमएलसी प्रकरण आते हैं। पुलिस विभाग इन प्रकरणों को लेकर आता है। जिसमें दुघर्टना में घायल व्यक्ति की रिपोर्ट , दैहिक शोषण के मामले या फिर दुष्कर्म के मामले होते हैं। इन गंभीर मामलों की सोनोग्राफी और सीटी के बाद रेडियोलॉजिस्ट रिपोर्ट देता है। इस रिपोर्ट के आधार पर ही पुलिस जुर्म दर्ज करती है या फिर अदालत में सबूत पेश करती है।

### रेडियोलॉजिस्ट आने तक सोनोग्राफी बंद

रेडियोलॉजिस्ट डॉ. बीएन देवांगन 31 जुलाई को रिटायर हो गए हैं। हमने इसके पहले से ही रेडियोलॉजिस्ट खोज रहे हैं लेकिन मिल नहीं रहे हैं। इसलिए जब तक रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति नहीं हो जाती सोनोग्राफी बंद रहेगी। - **डॉ. एके मिंज**, सिविल सर्जन जिला अस्पताल

# नाबालिग का अपहरण कर बलात्कार करने वाले को 20 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- न्यायाधीश अनिष दुबे के न्यायालय से आया फैसला

नाबालिग का अपहरण कर बलात्कार करने वाले को कोर्ट ने 20 साल के कैद की सजा सुनाई। न्यायाधीश अनिष दुबे के न्यायालय से यह आदेश पारित हुआ। प्रकरण के मुताबिक घटना 20 नवंबर 2023 की सुबह करीब 8 बजे की है। नाबालिग घर से घनश्याम कॉलेज जाने के नाम पर निकली थी, लेकिन घर नहीं लौटी। परिजनों ने इसकी शिकायत कोतवाली थाना दुर्ग में की। इसके बाद मामले में जांच शुरू की गई। जांच के बाद 26 नवंबर को 17 वर्षीय नाबालिग फरीदनगर भिलाई में आशिफ हुसैन (22 वर्ष) के घर में मिली। नाबालिग से बार-बार दुष्कर्म किया गया था। पुलिस ने मामले में धारा 363, 366, 376 और पाक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर प्रकरण न्यायालय में विचारण के लिए प्रस्तुत किया, जहां से आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। आरोपी को धारा 366 में 3 वर्ष और 500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। राशि जमा नहीं करने पर 1 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इसी प्रकार पाक्सो में 20 साल कैद और 5 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। राशि जमा नहीं करने उसे 1 वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# घूर कर देखने को लेकर उपजे विवाद में ब्लेड से हमला, 2 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

**दुर्ग।** भिलाईनगर थाना अंतर्गत सेंट थॉमस कॉलेज के पास रुआबांधा में आपसी रंजिश के कारण ब्लेड से हमला करने वाले को न्यायालय ने 2 वर्ष कैद की सजा सुनाई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजूर ने यह आदेश पारित किया। प्रकरण के मुताबिक आरोपी प्रगतिनगर निवासी हरीश पिता धरमपाल यादव (22 वर्ष) पर सतीश खरे नामक युवक पर ब्लेड से प्राणघातक हमला करने का आरोप है। प्रकरण में पुलिस ने धारा 307 और 324 के तहत अपराज पंजीबद्ध कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया। विचारण के बाद आरोपी पर धारा 326 और 324 में दोष सिद्ध पाया गया। आरोपी को धारा 326 में 2 वर्ष कैद, 500 रुपए अर्थदंड राशि अदा नहीं करने पर 4 माह अतिरिक्त और धारा 324 में 6 माह की सजा सुनाई गई।

# ऐसी लापरवाही भारी पड़ेगी ... हाईवे और सर्विस लेन की सड़क पर एक फीट से ज्यादा का गेप




**भिलाई।** नेहरूनगर चौक से कुम्हारी टोल तक हाईवे पर एनएचएआई की बड़ी लापरवाही सामने आई है। विशेष रूप से शहरी बसाहट वाले क्षेत्रों में सड़कें ऊंची-नीचे हैं। मुख्य सड़क और सर्विस लेने पर कई जगहों पर एक फीट से ज्यादा का गेप है। यह गेप बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। विशेष रूप से उन स्थलों पर जिन जगहों पर बिजली की आपूर्ति नहीं है, या कम है। इसकी वजह से रात के समय गुजरने वाले वाहन ज्यादा अनियंत्रित हो रही हैं। सामने से पड़ने वाली हेडलाइट की रौशनी की वजह से सर्विस लाइन का गेन नजर नहीं आता। इस वजह से वाहन हादसे के शिकार हो रहे हैं। जानकारी के मुताबिक पिछले करीब महीनेभर में 20 से ज्यादा वाहन चालक इस वजह से हादसे का शिकार हो चुके हैं। हालांकि बड़ी घटना नहीं हुई, लेकिन कभी भी बड़ी घटनाा की आशंका बनी हुई है। मुख्य रूप से नेहरूनगर से घड़ी चौक सुपेला, पावर हाउस से डबरापारा, चरोदा से कुम्हारी के मध्य इस प्रकार की स्थिति बनी हुई है।

### सूदखोर को पुलिस ने पकड़ा 10 .75 लाख रुपए जब्त

**भिलाई।** सूदखोरी के कारोबार में शामिल लोगों को खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई किया है। सूदखोर को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि आदित्य नगर दुर्ग निवासी लालचंद शर्मा ने सड़क 6 मकान 159 दीपक नगर हाल ही में पद्मनाभपुर एमआईजी 376 दुर्ग निवासी मनीष श्रीवास्तव से 30 हजार रुपए उधरा लिया था। शेष रकम 70 हजार रूपये नगद दिया था, लेकिन आरोपी मनीष श्रीवास्तव ने पीड़ित के द्वारा जमा किये गये चेक को बैक मे लगा दिया था। चेक बाउंस होने पर धारा 138 एनआई एक्ट के तहत अपकाध दर्ज करा दिया। आरोपी मनीष श्रीवास्तव ने पीड़ित के घर के पास आकर गाली गलौज करने लगा। इसके अलावा रास्ता रोककर मारपीट भी पीड़ित के साथ किया था। परेशान होकर शिकायत पीड़ित ने पुलिस से किया। पुलिस हरकत में आते हुए आरोपी मनीष श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया। उसके पास से स्टाम्प पेपर, इकरारनामा, चेक नगदी 10.75 लाख रुपए आदि जब्त किया गया।

# बूढ़ा हुआ मानसून, अगस्त महीने के पहले सप्ताह में बारिश कम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- पांच दिनों में कही-कहीं थोड़ी देर के लिए हो सकती है बारिश

अगस्त महीने के पहले सप्ताह में बारिश कम होगी। एक अगस्त से मानसून का सिस्टम कमजोर हो चला है। उसके साथ ही अब बीच-बीच में कहीं-कहीं क्षेत्रों में ही बारिश हो सकती है। यानी मानसून अब बूढ़ा हो गया है। पिछले साल से इस बार वर्षा कम हुई है इसलिए आने वाले दिनों में बारिश नहीं हुई तो किसानों के लिए यह चिंता का विषय है। वहीं जलाशयों में भी पर्याप्त जलभराव संकट में पड़ जाएगा। शुक्रवार को दोपहर दो बजे सिविक सेंटर क्षेत्र में बारिश भी हुई।

### अब तक 531 मिलीमीटर बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक अब तक दुर्ग जिले में 531.6 मिलीमीटर औसत बारिश हुई है। पिछले साल एक अगस्त 2024 तक 504.6 मिलीमीटर बारिश हुई थी। इस हिसाब से 5 मिलीमीटर बारिश कम हुई है। हालांकि मौसम विभाग ने इस साल पिछले साल से ज्यादा बारिश होने का अनुमान लगाया गया लेकिन जिस हिसाब से मानसून का सिस्टम कमजोर होने लगा है उससे आगे बारिश सुधरने की संभावना कम ही है।

### महमरा एनीकट का पानी हुआ कम

शिवनाथ नदी का महमरा एनीकट का पानी अब धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। महमरा एनीकट पर तीन फीट ऊपर पानी चल रहा था वह एक फीट यानी बराबर की स्थिति में आ गया है। हालांकि यह मार्ग अभी भी आवागमन के लिए नहीं खुल पाया है। लोग यहां शिवनाथ नदी का नजारा देखने बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। वहीं सावन का मौसम है इसलिए शिवनाथ नदी तट स्थित महादेव मंदिरों में शिवनाथ नदी का जल लेकर चढ़ाने के लिए भी ज्यादातर लोग पहुंच रहे हैं।

**दुर्ग में आईटीईएस पार्क की स्थापना को लेकर आईआईटी भिलाई में हुई कार्यशाला**

# आईटी पार्क के खुलने से इनोवेशन, स्किल डेवलपमेंट, स्टार्टअप और ईको सिस्टम को मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग में एक अत्याधुनिक आईटी, आईटीईएस पार्क की स्थापना को लेकर एक उच्चस्तरीय रणनीतिक बैठक का आयोजन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई में किया गया। यह पहल आईआईटी भिलाई, जिला प्रशासन दुर्ग, उद्योग संचालनालय, छत्तीसगढ़ शासन, एवं प्रमुख शैक्षणिक एवं औद्योगिक साझेदारों के बीच संयुक्त सहयोग का परिणाम है, जिसका उद्देश्य प्रदेश में कौशल विकास, रोजगार सृजन, नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देना है।



विशेष अतिथि विश्वेश कुमार, प्रबंध संचालक, उद्योग संचालनालय ने कहा कि आईआईटी भिलाई की उन्नत अनुसंधान क्षमता और छत्तीसगढ़ शासन की व्यवसाय अनुकूल नीतियों के संयुक्त प्रयास से, दुर्ग भविष्य में एक सशक्त आईटी/आईटीईएस नवाचार केंद्र के रूप में उभर सकता है। आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए संस्थान की विशेषज्ञता को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि संस्थान कृत्रिम बुद्धिमत्ता , डेटा विज्ञान और मेकाट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट अनुसंधान कर रहा है और व्यावसायिक रूप से तैयार समाधानों के माध्यम से प्रौद्योगिकी आधारित सहयोग को गति देने हेतु प्रतिबद्ध है।

### मॉडल साझेदारी पर बनी सहमति

बैठक के अंत में विभिन्न हितधारकों द्वारा प्रस्तावित स्थल की संभाव्यता, भूमिकाओं और उत्तरदायित्वों का स्पष्ट निर्धारण, एवं दीर्घकालिक और सतत साझेदारी मॉडल पर सहमति बनी। यह पहल छत्तीसगढ़ राज्य की औद्योगिक नीति 2024–30 और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे दुर्ग को आईटी/आईटीईएस और डिजिटल नवाचार क्षेत्र के रूप में स्थापित करने में सहायता मिलेगी। बैठक में आलोक कुमार त्रिवेदी (अतिरिक्त संचालक, उद्योग), राम खंडेलवाल (जीएम, उद्योग), सुमित अग्रवाल (आयुक्त, नगर निगम दुर्ग), अजीत भटपहरी, कपिल कुशवाहा, संजय कुमार सिंह (सीएसआईडीसी रायपुर) सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। अगस्टेक स्टील हॉट सहित उद्योग जगत के प्रतिनिधियों एवं स्टार्टअप संस्थापकों ने भी अपने विचार साझा किए। प्रो. संतोष बिस्वास (डीन आरएंडडी), विष्णु वैभव द्विवेदी (सीटीओ, आईबीआईटीएफ), प्रशांत माथुर (सीईओ, आईबीआईटीएफ) ने स्टार्टअप ईकोसिस्टम को मजबूत करने और तकनीकी मार्गदर्शन के अवसरों पर प्रकाश डाला।

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**9300663610, 7489348301**

# सफाई कर्मियों के नियमितीकरण को लेकर हल्ला बोल, न्यूनतम वेतनमान देने गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सफाई कर्मचारी ने अपनी कतिपय मांगों और समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। पहले एकजुट होकर सफाई कर्मचारी गांधी प्रतिमा के पास एकत्रित हुए। इसके बा अपनी आवाज बुलंद करते हुए रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्हें गेट के पहले ही बेरिकेडिंग के जरिए रोका गया। इसके बाद सफाई कर्मीयों ने जमकर नारेबाजी की। मौके पर ही अघोषित सभा की। इसके बाद एसडीएम दुर्ग को प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। एसडीएम को सफाई कर्मीयों ने बताया कि निगम ठेकेदार और कुछ सुपरवाइजरों द्वारा धमकी दी जा रही थी, दुर्ग दिवस मनाने के लिए रोका जा रहा था। किसी भी मजदूर को काम से बैठाया जाएगा, तो बड़ा आंदोलन होगा। मजदूरों ने यह भी बताया कि हर महीने हाजिरी का पैसा हड़प ले रहे हैं। पीएफ, ईएसआई जमा नहीं कर रहे हैं।

## सफाई कर्मचारियों ने गांधी पुतला से निकाली रैली, कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

### ठेकेदार कर रहे कर्मचारियों का शोषण, जिम्मेदार मौन

सफाई कर्मचारी दिवस के अवसर पर शहर भर के सफाई कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों और गंभीर समस्याओं को उजागर किया। कर्मचारियों ने कहा कि वे अब भी बुनियादी अधिकारों और बेहतर कामकाजी परिस्थितियों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सफाई कर्मचारियों ने अपनी प्रमुख मांगों और समस्याएं भी रखीं। उन्होंने कहा कि उनकी हितों को लेकर सुनवाई नहीं हो रही है। ठेकेदार शोषण कर रहे हैं, जिम्मेदार मौन हैं।



### सफाई कामगारों को मिले 21 हजार रुपए मानदेय

कर्मचारियों ने नियमितीकरण की मांग की। ठेका प्रणाली को समाप्त कर सभी संविदा सफाई कर्मचारियों को स्थायी किया जाए। सभी सफाई कर्मचारियों के लिए सम्मानजनक 21000 रुपए न्यूनतम वेतन सुनिश्चित किया जाए। महंगाई भत्ते में वृद्धि की जाए। 4 श्रम कोड कानून वापस लिया जाए। राज्य सफाई कामगार आयोग का गठन किया जाए।काम के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपकरण (मास्क, दस्ताने, जूते आदि) नियमित रूप से उपलब्ध कराए जाएं। स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान की जाए। इस प्रकार अन्य मांगें की गई।

### शिकायतों का नहीं हुआ निराकरण तो उग्र आंदोलन

सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर कहा गया कि शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए। अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा। शासन मांगों पर गंभीरता से विचार करे। उन्हें जल्द से जल्द पूरा करे, ताकि वे भी सम्मानजनक जीवन जी सकें। देश के विकास में अपना योगदान जारी रख सकें। इस दौरान कलादास डहरिया, रमाकांत बंजारे, लक्ष्मण साहू, अरिम शिवारे, पंचराम, महेश्वर, महेश साहू, मनोज कोसरे, मैरी, निरा डहरिया, मोतम भारती, खेमीन साहू, पुष्पा, चन्द्र कला सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### जिले के 80230 कृषकों को 16.75 करोड़ की राशि होगी जारी

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना अंतर्गत जिले में 02 अगस्त 2025 को किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी उत्तर प्रदेश में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पीएम-किसान निधि की 20वीं किश्त जारी करेंगे। इसके तहत जिले के 80230 कृषकों को 20वीं किश्त की राशि 16.75 करोड़ जारी किया जाना प्रस्तावित है। कार्यक्रम का जिला एवं विकासखण्ड स्तर एवं ग्राम स्तर पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। उप संचालक कृषि से मिली जानकारी अनुसार कृषि विज्ञान केन्द्र अंजोरा में पीएम किसान दिवस जिला स्तरीय कार्यकम में प्रधानमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण वेब कास्ट के माध्यम से किया जाएगा। इसी तारतम्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा में आयोजित पीएम किसान दिवस कार्यक्रम में भी प्रधानमंत्री के उद्बोधन का प्रसारण वेब कास्ट के माध्यम से किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, कृषि स्थायी समिति सभापति श्रीमती नीलम राजेश चंद्राकर, विजय जैन वरिष्ठ वैज्ञानिक, पुष्पा राजेन्द्रन सहायक संचालक कृषि, वैज्ञानिक, कृषि विभाग के अधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहेंगे। ग्राम स्तर पर भी प्रधानमंत्री के उद्बोधन का प्रसारण एवं कृषकों की सक्रिय सहभागिता के लिए सेवा सहकारी समितियों में फार्मर्स मीट का आयोजन तथा आधार सीडेड बैंक खाते के माध्यम से लाभ के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## शिकंजा : बेतरतीब दुकानें लगाने वालों की जांच के लिए पहुंचा निगम अमला

# आकाशगंगा सब्जी मंडी में अवैध कब्जेधारियों पर चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

आकाशगंगा थोक सब्जी मंडी सुपेला में अब कब्जा करने और अव्यस्थित दुकानें लगाने वाले व्यवसायियों की खैर नहीं है। इनके खिलाफ नगर निगम भिलाई ने शिकंजा कसने की तैयारी शुरु कर दी है। शुक्रवार को निगम की टीम ने ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी में सब्जी मंडी में दबिश देकर चालानी कार्रवाई की। सड़कों से कई व्यवसायियों के कैरेट आदि भी हटाए गए। एक अवैध आफिस के निकट मुर्गियों के दड़बों से भरी गाड़ी को भी हटाया गया। सब्जी व्यवसायियों द्वारा दो दिन की मोहलत मांगे जाने पर निगम अधिकारियों ने सोमवार तक दुकानें व्यस्थित नहीं करने पर बेदखली कार्रवाई की चेतावनी दी है।

आकाशगंगा सब्जी मंडी समिति द्वारा सब्जी मंडी में कतिपय लोगों द्वारा कब्जा करने व बेतरतीब दुकानें लगाने की शिकायत कमिश्नर से की गई थी। इस पर कमिश्नर के निर्देश पर सुबह 7 बजे निगम के राजस्व अधिकारी प्रसन्न तिवारी और विभागीय कर्मियों के साथ ट्रैफिक डीएसपी व जवानों के साथ सुपेला सब्जी मंडी पहुंची। निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा भी साथ थे। विभागीय टीम ने पूरी मंडी में घूमकर बेतरतीब दुकानें लगाने वालों को अपनी दुकानें व सामान आदि व्यवस्थित करने निर्देशित किया। टीम द्वारा बीच सड़क पर कब्जी की तरह अव्यस्थित दुकानों लगाने पर कुछ लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की। कुछ के सब्जियों के कैरेट भी हटाए गए। राजस्व अधिकारी ने संबंधितों को सड़कों व परिसर में अपनी निर्धारित जगह पर दुकाने लगाने चेताया। इसके लिए मंडी के व्यवसायियों द्वारा दो दिन की मोहलत मांगे जाने पर राजस्व अधिकारी ने चेतावनी दी है कि सोमवार तक दुकानें व्यवस्थित नहीं की गईं व कब्जे में देखी गईं तो बेदखली कार्रवाई की जाएगी। कमिश्नर ने इस आशय का आदेश भी दे दिया है। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने बताया कि मंडी में सुव्यस्थित दुकानें लगाने से सभी को सुविधा होगी। नियम का सभी को पालन करना होगा। बेतरतीब दुकानों व कब्जे से व्यवसायियों व ग्राहकों सभी को परेशानी हो रही है।

### व्यवस्थापन करने व्यावसायियों ने मांगी दो दिन की मोहलत



### मुर्गी गाड़ियों को हटाया

नगर निगम की टीम ने सब्जी मंडी में मुर्गियों के अवैध व्यवसाय करने पर बेदखली कार्रवाई की। यहां एक व्यवसायी द्वारा बकायदा आफिस खोलकर 17 मुर्गियों के दड़बों से भरी गाड़ियों का खड़ा किया हुआ था। व्यवसायियों ने बताया कि मुर्गियों के रा मटेरियल आदि से भारी गंदगी व बदबू से आसपास के व्यवसायी परेशान थे। निगम की टीम ने ट्रैफिक पुलिस के साथ तत्काल मुर्गीयों की गाड़ी को हटाया व चेतावनी दी।

# कलेक्टर ने अपर कलेक्टरों के बीच कार्यों का किया विभाजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिले में पदस्थ अपर कलेक्टरों योगिता देवांगन एवं वीरेन्द्र सिंग के मध्य कार्य विभाजन किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपर कलेक्टर योगिता देवांगन को अनुपयोगी डेड स्टॉक जो 5000 रू. तक की कीमत का हो, को अपलेखन करने का अधिकार, चोरी हुए 2000 रू. तक की सामग्री को अपलेखन करने का अधिकार, 20,000 रू. तक आवर्ती व्यय स्वीकृति का अधिकार सहित अन्य कार्यवाही से संबंधित नस्तियां कलेक्टर को प्रस्तुत की जाएंगी।

अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंग को अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जिला दुर्ग के न्यायालयीन कार्य, दुर्ग अनुभाग एवं भिलाई-3 अनुभाग, धमधा/पाटन अनुभाग के अंतर्गत छ.ग. भू-राजस्व संहिता से संबंधित अपील पुनरीक्षण एवं पुर्नविलोकन प्रकरण के निराकरण हेतु कलेक्टर की शक्तियों का उपयोग करने प्रत्येक दसवां प्रकरण कलेक्टर न्यायालय को अंतरित, धमधा व पाटन तहसील के अवैध उत्खनन के प्रकरणों का प्रावधान अनुसार निराकरण, सहित अन्य प्रभार सौंपा गया है। अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंग के माध्यम से विभिन्न शाखाओं की नस्तियाँ कलेक्टर श्री सिंह को प्रस्तुत की जाएगी। सांख्यिकी लिपिक(एस डब्ल्यू), सहायक अधीक्षक राजस्व/राज्सव मोहर्रिर शाखा, प्रोटोकाल शाखा, भू-अभिलेख शाखा, डायवर्सन शाखा सहित अन्य कार्य शामिल है। अपर कलेक्टर योगिता देवांगन के लिंक अधिकारी अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंग तथा अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह के लिंक अधिकारी अपर कलेक्टर योगिता देवांगन होंगे।

# सतनामी पारा में 5 लाख से बनेगा मंच और भवन, किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में 5 लाख की लागत से सतनामी पारा मंच और भवन निर्माण का भूमि पूजन किया गया। इस दौरान वार्ड पार्षद भारती राम सूर्यवंशी और प्रदेश सचिव असंगठित ठेका मजदूर कांग्रेस राम सूर्यवंशी मौजूद थे।

भूमिपूजन में पार्षद ने कहा कि वार्ड के विकास के लिए कोई दिक्कत नहीं आएगी। मंच व भवन निर्माण की मांग लंबे समय से मांग किया जा रहा था। वार्ड में इसकी आवश्यकता थी इस कारण इसका निर्माण कराया जा रहा है। कार्यक्रम में विकास कुर्रे, धन्नू बंजारे,हेमंत मारकंडे,मोहन मारकंडे समेत वार्ड के लोग मौजूद थे।

## भारतीय ज्ञान परंपरा को आत्मसात कर विद्यार्थी उन्नति की ओर होंगे अग्रसर

**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शहर विधायक गजेंद्र यादव थे। उन्होंने कहा कि संस्कार का विद्यार्थी जीवन में अत्यंत महत्व है। संस्कारित होने पर सफलता हर स्थान पर प्राप्त होती है, जो कि विद्यार्थियों के दशा व दिशा का निर्धारण करता है। भारतीय ज्ञान परंपरा का आत्मसात कर विद्यार्थी उन्नति की ओर अग्रसर हो सकता है। इस समारोह में विशिष्ट अतिथि जन भागीदारी अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह परिहार ने नव प्रवेशित छात्रों से कहा कि विद्यार्थी स्वयं के प्रति आस्था का श्रध्दा रखकर पूर्ण ईमानदारी से कार्य करें, उन्हें सफलता अवश्य हासिल होगी। दो चरणों में आयोजित इस दीक्षारंभ समारोह में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से जुड़े विभिन्न बिंदुओं जैसे विभिन्न कोर्सेस, जेनेरिक तथा वैल्यू एडेड कोर्स, क्रेडिट प्रणाली, आतंरिक मूल्यांकन परीक्षा, ग्रेड सिस्टम आदि की जानकारी महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी ने दी।

## बौद्ध समाज ने निकाली महारैली...




**दुर्ग।** बौद्ध समाज के लोग पिछले एक महीने से धरना प्रदर्शन पर बैठे हैं। उनकी मुख्य मांगों में बौद्धगया के महाबोधि महाविहार में बीटीएमसी एक्ट 1949 को निरस्त करना और महाबोधि महाविहार को ब्राह्मणों एवं पंडों से मुक्त कर बौद्धों को सौंपना शामिल हैं। एक महीने होने के बाद चौथी बार वे कलेक्टोरेट का घेराव करने पहुंचे। कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। बौद्ध समाज के लोगों ने कहा की अभी हम शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे हैं। अगर मांगें नहीं मानी गईं तो आगे चलकर प्रदर्शन उग्र हो सकता है।

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन की सघन जांच 4 से

**दुर्ग।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन छ.ग शासन द्वारा सही भोजन बेहतर जीवन की परिकल्पना को सार्थक बनाने के लिए बने खाबो बने रहिबो सघन जांच एवं जागरूकता अभियान 4 से 6 अगस्त तक दुर्ग जिला के साथ प्रदेशभर में चलाया जाएगा। बने खाबों बने रहिबो अभियान का उद्देश्य खाद्य प्रदायकर्ताओं को एफएसएसएआई के दिशा-निर्देशों से अवगत कराना तथा लोगों में स्वच्छ एवं स्वस्थ खान-पान की आदतें विकसित करना है। साथ ही किचन की स्वच्छता एवं परिसर की साफ-सफाई के संबंध में जागरूक करना है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी से मिली जानकारी अनुसार यह अभियान तीन दिवसीय होगा जिसमें व्यापक तौर पर पूरे राज्य में प्रत्येक जिले एवं प्रत्येक ब्लॉक में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा स्ट्रीट फुड वेंडर्स एवं खाद्य बनाकर परोसने वाले संस्थानों, रेस्टोरेंट का सघन जांच किया जायेगा। साथ ही मौके पर उपभोक्ताओं का सुरक्षित खाद्य के बारे में जानकारी दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य रंग, अखाद्य रंग, खाद्य पदार्थ परोसने में अखबारी कागज का प्रयोग, खाद्य पदार्थों के पैकेजिंग मटेरियल, उपयोग किये जाने वाले पेयजल और खाद्य पदार्थ के निर्माण किए जाने वाले खाद्य तेल की गुणवत्ता की जांच की जाएगी।

# संत तुलसीदास व मुंशी प्रेमचंद की मनाई जयंती



### प्रेमचंद की कहानियों का किया वाचन

**दुर्ग।** शा. पूर्व माध्यमिक विद्यालय चीचा ब्लॉक धमधा में मुंशी प्रेमचंद और तुलसीदास को याद किया गया। कार्यक्रम में प्रेमचंद के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर विद्यार्थियों द्वारा उनकी कहानियों का वाचन किया। जिसमें कक्षा आठवीं से कु हितेश्वरी वर्मा, भुवन वर्मा, ताम्रज पटेल शामिल हैं। परीक्षा, गुल्ली डण्डा, ईदगाह, नमक का दरोगा जैसे कालजयी रचनाओं का वाचन किया गया। सभी बच्चे कहानी सुनकर स्वयं से प्रश्न निर्माण कर कहानी का उद्देश्य लिखा गया। श्री बघेल ने प्रेमचंद व तुलसीदार की जीवनी, रचनाएं को सविस्तार प्रस्तुत किया। श्री हुमने द्वारा देश की आजादी में प्रेमचंद की रचनाओं का योगदान, श्री सार्वे द्वारा प्रेमचंद की कहानियों में ग्रामीण परिवेश और श्री देशमुख ने तुलसीदास द्वारा रचित हनुमान चालीसा का वाचन कराया गया।



### सरस्वती शिशु मंदिर में सुंदर कांड का आयोजन

**दुर्ग।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे तुलसीदास जयंती श्रद्धा भक्ति के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री साईं सत्संग मंडली की दुर्गा निषाद थीं। मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती व तुलसी दास के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन पर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस असर पर रामायण मण्डली द्वारा सुन्दर कांड का सस्वर पाठ किया गया। कार्यक्रम का संचालन योगिता साहू ने किया। बहन गौरवी शर्मा ने तुलसी दास जी का संक्षिप्त जीवन परिचय दिया। कार्यक्रम में सुन्दर कांड के अतिरिक्त भैया बहनों द्वारा भजन की प्रस्तुति दी गई। अंत में रामायण मण्डली के सम्मानित सदस्यों का विद्यालय की प्राचार्य कृपा शर्मा ने सम्मानित किया। विद्यालय के आचार्य व दीदीयाँ उपस्थित थे।

## जल निकासी व नियमित सफाई सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

# नालों में गंदगी, महापौर ने सफाईकर्मी को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग महापौर अलका बाघमार उरला क्षेत्र के वार्ड 57 (पटरी पार) में औचक निरीक्षण करने पहुंचीं। निरीक्षण के दौरान महापौर ने क्षेत्र की खराब सफाई व्यवस्था पर गहरी नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान महापौर ने क्षेत्र के प्रमुख नालों के ऊपर घास और कचरे की मोटी परत जम चुकी है। नालियों की समय पर सफाई न होने से वर्षा जल की निकासी नहीं हो पा रही है, जिससे सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन रही है। इस कारण क्षेत्रवासियों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। वृद्धजन, महिलाएं और स्कूल जाने वाले बच्चे प्रभावित हो रहे हैं। निरीक्षण के दौरान उनके साथ नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल,देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार सहित स्वच्छता विभाग के अधिकारीगण और जोन प्रभारी भी उपस्थित थे।

■ आमजन को हो रही दिक्कतों पर जताई चिंता

### सफाईकर्मी को दी सख्त चेतावनी

महापौर एवं आयुक्त ने मौके पर मौजूद सफाईकर्मी द्वारा झाड़ू ठीक से न लगाना और कचरे को सीधे नाली में डालना देख, महापौर ने मौके पर ही सख्त फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि नाली में कचरा डालना न केवल सफाई नियमों का उल्लंघन है, सफाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### जनता की समस्याएं प्राथमिकता में हों


महापौर ने कहा कि नगर निगम का पहला कर्तव्य है कि वह नागरिकों को साफ-सुथरा और सुरक्षित वातावरण प्रदान करे। वर्षा ऋतु में जलनिकासी की दुरुस्त व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है। निगम की कार्यप्रणाली में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### अधिकारियों को दिए त्वरित सुधार के निर्देश

महापौर ने आयुक्त और स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे तत्काल नालियों की सफाई सुनिश्चित करें। साथ ही, नियमित निगरानी कर यह सुनिश्चित किया जाए कि सफाईकर्मी अपनी जिम्मेदारियां पूरी निष्ठा से निभाएं। उन्होंने यह भी कहा कि जहां आवश्यक हो, वहां अतिरिक्त सफाईकर्मियों की तैनाती की जाए तथा नालों में जमा कचरे को यथाशीघ्र हटाया जाए।

### कामधेनु विवि में कार्यशाला का समापन

**दुर्ग।** दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, में पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा के पशु औषधि विज्ञान एवं विष विभाग द्वारा वन डे वर्कशॉप कम हैंड्स ऑन ट्रेनिंग ऑन एक्सपेरिमेंटल टेक्निक्स इन फार्मोकोलॉजी एंड टॉक्सिकोलॉजी का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन एवं समापन अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह, विशिष्ठ अतिथि कुलसचिव डॉ. बीपी राठिया, कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. संजय शाक्य, अतिथि वक्ता डॉ. माधुरी बघेल, प्राचार्य एवं प्राध्यापक, अपोलो कॉलेज ऑफ फार्मेसी, अंजोरा, मात्स्यिकी महाविद्यालय, कवर्धा के अधिष्ठाता डॉ. एमके गेंदले, प्राध्यापक डॉ. केएम कोले, आयोजन सचिव डॉ. श्रद्धा नेटी सहित 45 प्रतिभागियों की मौजूद थे।



# हर भारतीय के जीवन को आनंदित करते हैं संस्कृत और संस्कार

## शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में भारतीय ज्ञान परंपरा पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामगांव आर



शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में भारतीय ज्ञान परंपरा पर संस्कृत भाषा के महत्व को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल के मार्गदर्शन और अध्यक्षता में नवीन शिक्षा नीति के निर्देशानुसार भारतीय ज्ञान परम्परा पर संस्कृत भाषा के अध्ययन महत्व को प्रकाश डालने संस्कृतभारती प्रांत संगठन मंत्री हेमंत साहू और प्रांत शिक्षण प्रमुख नरेंद्र साहू शासकीय कालेज जामगांव आर पहुंचे। संस्कृत विद्वानों का आतिथ्य सत्कार करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल ने संस्कृत भाषा को ईश्वरीय भाषा के साथ सभी भाषाओं की जननी बताया। संस्कृत भारती शिक्षण प्रमुख नरेंद्र साहू ने 20 घंटे में धाराप्रवाह संस्कृत बोलना सिखाने हेतु अपना प्रस्ताव रखा , जिसे महाविद्यालय में ही विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क रखा जाएगा। उन्होंने समझाया कि संस्कृत भाषा बोलने से ही विभिन्न व्याधियों से छुटकारा पाया जा सकता है । प्रांत प्रमुख हेमंत साहू ने कहा कि संस्कृत में मातृ देवों, पितृ देवों की परंपरा को जीवित रख के भारतीय संस्कृति के संरक्षण की आवश्यकता की बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और संस्कृत जीवन में अमृत पान कराती है।

इसके साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना और शासन के निर्देशानुसार गुरु पूर्णिमा के अवसर पर व्यास पूजा के आयोजन की श्रृंखला में व्यास पूजा के महत्व को समझाने के लिए भारतीय संस्कृति ज्ञान संगठन प्रभारी एस आर बांधे, सी के साहू, अशोक देशमुख, और श्रीमती रूक्मिणी निर्मलकर द्वारा सरल शब्दों में गुरु शिष्य परंपरा के निर्वहन के महत्व के लिए व्यास पूजा की विधि विद्यार्थियों को साझा की गई। मुख्य वक्ता सी के साहू ने गायत्री मंत्र का उच्चारण करवा कर विभिन्न श्लोकों से पूजा की प्रक्रिया को समझाया । श्री बांधे द्वारा विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित करके अध्ययन और अच्छे नागरिक बनने की सलाह दी गई। गायत्री परिवार की पत्रिका प्रज्ञा अभियान को विद्यार्थियों में वितरित किया गया और इसके निःशुल्क सब्सक्रिप्शन की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी श्रीमती चेतना सोनी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती नीता कुम्हारे ने दिया। कार्यक्रम में डॉ अरुणेंद्र तिवारी, डॉ संतोष पाण्डे, मनीष साहू, मनोज यादव, मुकेश कठोतिया और श्री जोशी सहित सभी अधिकारियों कर्मचारियों और रा से यो विद्यार्थियों ने अपना सहयोग दिया।

## खबर संक्षेप



### बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ संस्कार भी मिले: देशमुख

**निकुम**। विकासखंड दुर्ग के स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट अंग्रेजी स्कूल निकुम में आओ स्कूल संवारे हम थीम की नई शुरुआत को बेहतर प्रतिफल मिल रहा है। संस्था प्राचार्य एस देवराजन व पालक समिति अध्यक्ष दिलीप साहू के मार्गदर्शन में 64 योगिनी मोक्षधाम लिमोरा के संस्थापक व समाज सेवी छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध नाड़ी वैद्यराज गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता के प्रति जागरुक कर जनसहयोग कर रहे है। गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख ने स्कूल में तीन व्हाइट एंड ग्रीन बोर्ड दिए हैं। उन्होंने कहा कि इससे बच्चो को बेहतर शिक्षा व संस्कार मिलेंगे। स्कूल के लिए उपहार पा कर बच्चे खुशी से झूम उठे।

## निधन

### जीवनलाल चंद्राकर

**दुर्ग**। गिरधारी नगर दुर्ग निवासी सेवानिवृत्त पोस्टमेन जीवनलाल चंद्राकर 75 वर्ष का आकस्मिक निधन 30 जुलाई को हो गया।



उनका अंतिम संस्कार 31 जुलाई को हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. भुवन लाल, पूरन लाल, तोरण लाल, किशन लाल चंद्राकार के भाई एवं देवेंद्र, मनोज, रामानुज चंद्राकर के पिता और सुनील न्यूज एजेंसी के संचालक सुनील, संजय चंद्राकर के चाचा और जयप्रकाश, ओमप्रकाश, दीपक के बड़े पिता थे।

### शैलदेवी देवांगन

**भिलाई**। वार्ड 18 जवाहर नगर दुर्ग निवासी शैलदेवी देवांगन 73 वर्ष



का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 2 अगस्त को सुबह 11 बजे हरना बांधा मुक्तिधाम दुर्ग में किया जायेगा। वे स्व. बहोरन की पत्नी, आशीष देवांगन एवं उपासना दुर्गा की मां थीं।

### कौशल्या देवी

**भिलाई**। पचरी पारा दुर्ग वार्ड 28



निवासी कौशल्या देवी राजपूत 84 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को दोपहर 12 बजे हरनाबांध मुक्तिधाम में किया जायेगा। वे कन्हैया सिंह राजपूत की मां थीं।

## निगम आयुक्त ने की प्लांट ऑनग्रिड सोलर सिस्टम की जांच

# फिल्टर प्लांट में सोलर सिस्टम से बनेगी 800 से ज्यादा यूनिट बिजली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

### बिजली उत्पादन के साथ-साथ बचत होगी भारी भरकम बिल की



नगर पालिक निगम भिलाई जोन 1 नेहरू नगर स्थित 77 एम.एल.डी. एवं 66 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट में स्थापित आनग्रिड सोलर सिस्टम का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने किया । विद्युत व्यय में कमी लाने 77 एम.एल.डी. एवं 66 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट में 800 यूनिट प्रति दिवस बिजली उत्पादन हेतु ऑनग्रिड सोलर सिस्टम स्थापित किया गया है। जिससे प्रतिमाह विद्युत उत्पादन के साथ होने वाले विद्युत व्यय में कमी आएगी। निरीक्षण के दौरान विद्युत व्यय में कमी लाने हेतु प्लांट के दूसरे छत पर भी सोलर सिस्टम की स्थापना हेतु शासन को प्रस्ताव भेजे जाने कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा को निर्देशित किया गया है। फिल्टर प्लांट निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता अर्पित बंजारे उपस्थित रहे।

प्रथम पाली में स्वच्छता एवं साफ-सफाई हेतु सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा को दायित्व दिया गया है तथा द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी को दायित्व दिया गया है। साथ ही रात्रि 10 बजे से 6 बजे तक स्वच्छता निरीक्षक सूर्यादास की ड्यूटी लगाई गई है। इस तरह ड्यूटी से साफ-सफाई व्यवस्था भीड़ के बावजूद बेहतर है।

सुपरवाईजर एवं स्वास्थ्य कर्मचारियो की तीन पालियों में ड्यूटी लगाई गई है, जिससे व्यवस्था सुदृढ़ स्थिति में है। संपूर्ण स्वच्छता व्यवस्था हेतु नगर निगम भिलाई के सहयोगी के रूप में समीपस्थ नगर निगम दुर्ग, नगर निगम भिलाई-चरोदा एवं नगर निगम रिसाली का सहयोग मिल रहा है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, सहायक अभियंता दीपक देवांगन, उप अभियंता श्वेता महेश्वर एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### जोन पांच में सफाई व्यवस्था बदली

निगम आयुक्त ने जोन 5 अंतर्गत कथा स्थल परिसर में शौचालय, साफ-सफाई एवं पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता के साथ किए। कथा स्थल में संपूर्ण साफ-सफाई व्यवस्था हेतु नोडल अधिकारी के रूप में स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को दायित्व दिया गया है। स्वच्छता व्यवस्था हेतु जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दूबे सहायक नोडल अधिकारी के रूप में दायित्व दिया गया है।

## नशे में धुत्त युवक का दुकान कर्मी पर जानलेवा हमला, व्यापारी आक्रोशित



हरिभूमि न्यूज ▸▸| पाटन

नशे में धुत्त एक युवक ने कॉलेज रोड स्थित एक कपड़े की दुकान में घुसकर वहां कार्यरत कर्मचारी चंद्रशेखर देवगन से मारपीट की। आरोपी सूर्यकुमार भारती निवासी काशीडीह उतई के विरुद्ध पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। फिलहाल मारपीट की वजह पता नहीं चल पाई है। बीच बचाव के कारण चंद्रशेखर देवांगन की जान किसी तरह बच पाई। इस घटना से नगर के व्यापारी भयभीत है और आक्रोशित हैं। व्यापारी संघ पाटन ने एक आपातकालीन बैठक बुलाकर इस घटना की घोर निंदा की और संघ के सदस्यों ने थाना प्रभारी पाटन को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों का कहना है कि यह घटना किसी भी व्यापारी या व्यावसायिक संस्थान में घट सकती है। मेन मार्केट होने के कारण यहां आवाजाही और चहल-पहल ज्यादा रहती है और असामाजिक तत्व नशे की हालत में यहां मंडराते रहते हैं। ऐसी हरकतों की वजह से



व्यापारी वर्ग में असुरक्षा की भावना घर कर गई है। बैठक में आरोपी के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। व्यापारी संघ के अध्यक्ष होरीलाल देवांगन द्वारा आहूत बैठक में कृष्ण कुमार भाले,सतीश कुमार देवांगन, श्रीकांत देवांगन, अरुण देवांगन, मिथिलेश ताम्रकार, छवि श्याम देवांगन, डाकोर सिंह देवांगन, ओमप्रकाश वर्मा, राजकुमार देवांगन, विष्णु देवांगन, हरीश देवांगन, संजय पांडे, हेमंत देवांगन, हर्ष भाले, मनीष देवांगन, चंद्रप्रकाश देवांगन, लक्ष्मी नारायण पटेल और खुशवंत देवांगन आदि उपस्थित थे।

## सेमरिया स्कूल भवन में सीपेज की समस्या से बच्चे-शिक्षक परेशान



**नंदिनी अहिवारा**। ग्राम पंचायत बागडूमर आश्रित ग्राम सेमरिया में शासकीय प्राथमिक शाला भवन है वह 15 साल पहले निर्मित हुआ था। वर्तमान में स्थिति अत्यधिक जर्जर हो गई है भवन की दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारे, छत में दरारे, बरसात के पानी से छत सीपेज की समस्या है। भवन कभी भी ढह सकता है जिससे छात्रों को कभी भी दुर्घटना हो सकती है। इसकी शिकायत शासन प्रशासन को पिछले कई बार किया गया था लेकिन आज तक संज्ञान में नहीं लिया गया है । दुर्ग कलेटेक्टर अभिजीत सिंह के पास धमधा जप सरपंच संघ अध्यक्ष एवं बागडूमर सरपंच दामिनी साहू इस विषय में ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि जल्द ही निराकरण किया जाएगा।

## नियमों को ताक पर रख करवा रहे काम, बिजली विभाग मौन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पाटन

बिजली विभाग में पाटन विश्राम गृह के बाजु में बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी के कार्यालय के सामने ही बिजली विभाग के ठेकेदार नियमों को तार तार कर रहे है। यहां पर ट्रांसफार्मर लगाने का काम चल रहा है। जिसमें ठेकेदार के मजदूर बिना

- बिजली विभाग के अफसरों ने नहीं ली सुध

सुरक्षा व्यवस्था के अपनी जान जोखिम में डालकर काम करने मजबूर है।

लगभग हर जगह यहीं स्थिति हैं। ठेकेदार के मनमानी पर बिजली विभाग के अफसर भी मौन है। इससे पूर्व कई बार दुर्घटना घट चुकी है। इसके बाद भी कार्यों के दौरान सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं होना ठेकेदार और विभागीय लापरवाही



को दर्शाता है। मजदूर अपनी जान को जोखिम में डाल कर काम कर रहे है। ठेकेदार द्वारा हेलमेट दस्ताना व अन्य सुरक्षा उपकरणों के बगैर काम करवाया जा रहा है।

## कवि तिलक की पुण्यतिथि में जुटे साहित्यकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुम्हारी



प्रसिद्ध कवि व साहित्यकार स्व. तिलक परगनिहा की 28 वीं पुण्यतिथि उनके गृहग्राम सुरजीडीह में मनाया गया। इस मौके पर प्रदेश के ख्यातिनाम कवि साहित्यकार एवं पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष मीना वर्मा, अध्यक्षता समाजसेवी मन्नूलाल परगनिहा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जनकवि हेमलाल साहू 'निर्मोही' उपस्थित थे। सर्वप्रथम मन्नूलाल परगनिहा ने तिलक के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। मीना वर्मा ने तिलक के काव्य संग्रह 'शिलालेख' में प्रकाशित उनकी रचनाओं का पाठ करते हुए कहा कि तिलक की रचनाएं आम इंसान की आवाज़ थी उनकी कविताएं जहां व्यवस्था पर चोट करती थी वहीं आम आदमी की पीड़ा को भी दर्शाती थी। मन्नूलाल परगनिहा ने कहा कि छोटी छोटी कविताओं में बड़ी बातें वे आसानी से कह जाते थे। उनकी कविताएं जनमानस की आवाज थी।

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में उपस्थित कवियों ने अपनी कविताओं से समां बांध दिया। कविता पाठ करने वाले कवियों में मुख्य रूप हेमलाल साहू निर्मोही, रामाधार शर्मा, मोहित कुमार शर्मा, बिसरूराम कुर्रे, डॉ नीलकंठ देवांगन, इस्माईल आजाद, दीपक निषाद , चंद्र कुमार बर्मन, सुनीता परगनिहा, नंदलाल यादव, मीना वर्मा, संजय चंद्राकर, जगन्नाथ निषाद, रघुनाथ देशमुख, उभय राम साहू एवं चिंतामणि साहू शामिल थे। उक्त आयोजन में कार्तिकराम यादव, वीणा बंछोर, दीप्ति परगनिहा, अक्षमाला बंछोर, रत्ना मढ़रिया, कल्याणी चंद्राकर, उत्तरा देशमुख, गीतांजलि देशमुख, गेंदीबाई देशमुख, विनय कुमार कश्यप, आराध्य, लक्ष्मी मढ़रिया, अनीता परगनिहा सहित बड़ी संख्या में लेखक, कवि, साहित्यकार, पत्रकार सहित ग्रामीण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मोहित कुमार शर्मा ने किया।

## महात्मा गांधी पुस्तकालय भवन धमधा में जुटे बुद्धजीवी

# गोस्वामी तुलसीदास और मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धमधा



गोस्वामी तुलसीदास जी एवं कथा सम्राट प्रेमचंद की जयंती महात्मा गांधी पुस्तकालय भवन धमधा में मनाई गई । वरिष्ठ नागरिक राधेलाल ताम्रकार ने तुलसीदास तथा प्रेमचंद की तैल चित्रों पर तिलक लगाकर एवं पुष्प अर्पित कर पूजन अर्चन किया। विष्णु प्रसाद ताम्रकार ने गोस्वामी तुलसीदास तथा प्रेमचंद के जीवनी पर प्रकाश डाला। मलिक मोहम्मद कुरैशी तथा नरेंद्र बाबा ने मोहम्मद रफी के गीत को अपने मधुर स्वर में प्रस्तुत किया। पवन देवांगन ने तुलसी दास के जीवन से संबंधित घटनाओं का जिक्र किया। वहीं मुखराज किशोर यादव ने तुलसीदास तथा प्रेमचंद के प्रमुख रचनाओं पर प्रकाश डाला एवं मोहन साहू ने श्रीराम पर सुंदर भजन प्रस्तुत किया। मोक्षिता शर्मा ने काक भूसुंडी रामायण के अंश तथा गीत को प्रवचन शैली में प्रस्तुत किया। तरुण ताम्रकार ने एक छत्तीसगढ़ी गीत प्रस्तुत किया। महेंद्र सोनकर ने राम नाम के महिमा का वर्णन किया। रामदेव शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए एक सुंदर छत्तीसगढ़ी कविता प्रस्तुत किया अंत में गजेंद्र ताम्रकार के आभार व्यक्त करने के साथी कार्यक्रम का समापन हुआ।

### गोस्वामी तुलसीदास जयंती मनाई अखरा में



**पाटन**। पूर्व माध्यमिक शाला अखरा में हर्षोल्लास के साथ गोस्वामी तुलसीदास जयंती मनाई गई। इस अवसर पर गोस्वामी तुलसीदास की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनकी रचना रामचरितमानस का सार प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने भी रामचरितमानस की महत्ता, उसमें वर्णित जीवन मूल्य एवं सांस्कृतिक आदर्शों पर अपने विचार साझा किए। शिक्षकों में श्रीमती राजेश्वरी वर्मा, श्रीमती अलका मंडावी, श्री मनोज वर्मा और श्रीमती चंचल द्विवेदी सरोज बघेल, उपस्थित रहे।

शैलदेवी महाविद्यालय
ADMISSION OPEN
BA (Home Science Geography)
BSc Maths CS/Bio
BCA AICTE Approved
BCom
MCom
MSW
MA Hindi
DCA
PGDCA
B.Lib
PG Diploma in YOGA
BEd
DElEd
BSc BEd
MSc Physics & Chemistry Computer Science
Anda, Durg
✆ : 9575037637, 6265377477

# यूनिवर्सिटी ने कम अंक दिए, विद्यार्थियों में आक्रोश

## रिजल्ट से असंतुष्ट एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों ने फिर से जांच की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

हेमचंद यूनिवर्सिटी के संबंद्ध कॉलेज के विद्यार्थियों ने कम अंक देने को लेकर नाराजगी दिखाई। शुक्रवार को अथर्व महाविद्यालय धनोरा जिला दुर्ग के एमएसडब्ल्यू कोर्स के अंतिम वर्ष के छात्र और छात्राओं द्वारा चौथे सेमेस्टर और द्वितीय वर्ष के छात्र और छात्राओं द्वारा सेकंड सेमेस्टर का पेपर का रिचेकिंग के लिए हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी दुर्ग के कुलसचिव के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन उपकुलसचिव डॉ. राजमणि पटेल को दिया गया।

### अच्छा पेपर बना लेकिन नंबर कम मिले

विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी दुर्ग ने इस बार छात्र और छात्राओं के भविष्य के साथ गलत किया है। एमएसडब्ल्यू अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का कहना है कि उनका रिजल्ट पहले, दूसरे और तीसरे सेमेस्टर में अच्छे रहे हैं तो चौथे सेमेस्टर में कैसे नंबर कम आ सकते हैं। इस बार चौथे सेमेस्टर का पेपर अच्छा बनने के बाद भी उनको कम अंक दिया गया। जिससे उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया। वहीं द्वितीय वर्ष की छात्र और छात्राओं का कहना की पहले सेमेस्टर का रिजल्ट अच्छा आया और इस बार सेकंड सेमेस्टर का पेपर अच्छा जाने के बाद भी कम अंक देकर उनका रिजल्ट खराब कर दिया गया।



### पेपर की फिर से चेकिंग हो, नहीं तो कोर्ट जाएंगे

दोनों वर्ष के विद्यार्थियों का कहना है कि उनका सभी पेपर रिचेकिंग किया जाए। नहीं तो वो कोर्ट जा सकते हैं। हेमचंद यादव युनिवर्सिटी दुर्ग के उपकुलसचिव डॉ राजमणि पटेल का कहना है एमएसडब्लयू के छात्र और छात्राओं के पेपर रिचेकिंग की बात हम जांच कमेटी में रखेंगे। कमेटी के निर्णय के बाद ही रिचेकिंग होगा। यदि रिचेकिंग का निर्णय नहीं लिया गया तो केवल रि टोटल बस होगा जिन विद्यार्थियों ने विधिवत आवेदन किया है।

## धर्मांतरण मामले में बजरंग दल ने फूंका राहुल गांधी का पुतला, घड़ी चौक में प्रदर्शन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ बजरंग दल ने धर्मांतरण और मानव तस्करी के मामले में दुर्ग जेल में बंद ननों के समर्थन करने वालों के विरोध में शुक्रवार को घड़ी चौक सुपेला में प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी का पुतला फूंका गया। कार्यकर्ताओं ने घड़ी चौक में प्रदर्शन किया। जमकर नारेबाजी की। नारे लगाते हुए पुतले के ऊपर अपना आक्रोश जाहिर किया। इस दौरान बड़ी संख्या में बजरंगी मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## बीएसपी के 14 सेवानिवृत्त अधिकारियों को दी विदाई



**भिलाई।** बीएसपी के विभिन्न विभागों में कार्यरत 14 अधिकारी सेवानिवृत्त अधिकारियों के सम्मान में इस्पात भवन स्थित डीआईसी सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बीएसपी के निदेशक प्रभारी चितरंजन महापात्र के साथ कार्यपालक निदेशक एस. मुखोपाध्याय, एके चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पवन कुमार, बिपिन कुमार गिरी, राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक डॉ. रविन्द्रनाथ एम. तथा कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार उपस्थित थे। इन सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों को सेवा प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। जुलाई माह में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों में मुख्य महाप्रबंधक राजीव कुमार श्रीवास्तव, जीएम सुधीर सोर्टे, एस.आर. जत्रेले, सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकार डॉ. नोहर सिंह ठाकुर, जीएम एसएन सिंह यादव, डीजीएम सुनील कुमार, एजीएम दीपंकर कुमार मजूमदार, सहायक महाप्रबंधक मो. आरिफ खान, सहायक महाप्रबंधक मृदुल कुमार श्रीवास्तव, आरके रणदीवे, आरके.शुक्ला, जीएमव पद्मिनी कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक बिरेंद्र कुमार सिंह तथा उप प्रबंधक एके फुले शामिल हैं। श्री महापात्र ने सेवानिवृत्त अधिकारियों को उनके समर्पित योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## बीएसपी पर भी लटक रही निजीकरण की तलवार, यूनियनों व सेफी ने किया विरोध

# औद्योगिक नगरी की धीरे-धीरे फीकी हो रही चमक, 3 सार्वजनिक उपक्रम हो चुके वाइंडअप

*औद्योगिक तीर्थ के नाम से प्रसिद्ध औद्योगिक नगरी की चमक अब धीरे धीरे फीकी पड़ती जा रही है, तकनीकी विकास (आटोमेशन) और केंद्र सरकार के निजीकरण व विनिवेशीकरण की नीति के चलते सार्वजनिक उपक्रमों, केंद्रीय उद्योगों के साथ मजदूरों पर भी भारी पड़ रहा है। पिछले डेढ़ दशक के दौरान आधा दर्जन केंद्रीय उपक्रमों को वाइंडअप किया जा चुका है। कुछ का निजीकरण हो चुका है और बीएसपी पर भी निजीकरण का खतरा मंडरा रहा है। यूनियनों और अधिकारी संगठनों ने निजीकरण का विरोध करते हुए केंद्र सरकार से नीति मे बदलाव की मांग की है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई


उल्लेखनीय है कि 1959 में भिलाई इस्पात संयंत्र में उत्पादन शुरु होने के साथ यहां धीरे धीरे निजी हैवी इंड्स्ट्री व लघु उद्योगों की स्थापना के साथ आधा दर्जन सार्वजनिक व केंद्र के अंडरटेकिंग उद्योगों की भी स्थापना की गई। यूनियनों के मुताबिक तीन बार भिलाई आए आधुनिक भारत के निर्माता पूर्व पीएम पं. जवाहरलाल नेहरु ने यहां के संभावित औद्योगिक विकास को देखकर शहर को औद्योगिक तीर्थ का नाम दिया था।

बीएसपी के बाद पिछले 50 साल के दौरान यहां एशिया की सबसे बड़ी कंस्ट्रक्शन कंपनी और सार्वजनिक उपक्रम एचएससीएल ( हिंदुस्तान स्टील कंस्ट्रक्शन लिमिटेड) सेक्टर 1 चौक, फिर भारत रिफेक्ट्रीज प्लांट (बीआरपी) मड़ौदा, फैरो स्क्रेप निगम लि.(एफएसएनएल) सेक्टर 1 चौक, भारत टेलीकाम फेक्ट्री औद्योगिक क्षेत्र,बीएसएनएल विभाग के साथ दो दर्जन सरकारी बैंकों की 50 से अधिक शाखाएं भी यहां स्थापित की गईं। लेकिन इनमें धीरे धीरे अधिकतर की चमक फीकी हो चुकी है। दस साल पूर्व 10 हजार वर्कर्स वाला एचएससीएल सिमट चुका है और वर्तमान में मात्र 1 डीजीएम सहित 5 स्टाफ ही कार्यरत है। टेलीकाम कारखाना को भी 5 साल पूर्व बंद किया जा चुका है। इसी तरह केंद्र सरकार 4 माह पूर्व एफएसएनएल का भी निजीकरण कर एक जापानी कंपनी को सौंप चुकी है। तीस साल पूर्व बीआरपी भी वाइंडअप होते होते बचा। यूनियनों के मुताबिक केंद्र सरकार ने बीएसपी के ब्लास्ट फर्नेसों के लिए रिफेक्ट्रीज ब्रिक्स सप्लाई करने वाले इस उपक्रम को घाटे के कारण बीआईएफआर में डालकर बंद करने की घोषणा की गई थी। लेकिन यूनियनों के जबरदस्त विरोध के चलते आखिरकार इसे सेल बीआरएल के नाम से सेल के अधीन कर बचाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### बीएसपी का किस्तों में हो रहा निजीकरण

अब पिछले 5 साल से औद्योगिक नगरी की बुनियाद भिलाई इस्पात संयंत्र पर भी निजीकरण का खतरा मंडरा रहा है। आउटसोर्सिंग तेज कर धीरे धीरे टुकड़े टुकड़े में संयंत्र का निजीकरण किया जा रहा है। कर्मियों के रिटायर होने और भर्ती बंद होने से वर्तमान में मात्र 12 हजार कर्मचारी व ढाई हजार अधिकारी ही कार्यरत है। तीन दशक पूर्व इनकी तादाद 40 हजार थी। साथ ही यूनियनें इसका विरोध भी कर रही हैं। दर्जन अनुभागों का ठेकाकरण किया जा चुका है। एटक के महासचिव वीके सोनी बताते हैं कि यूनियनों द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है। पिछले पांच साल में 4 बार भारत बंद किया जा चुका है। सेफी द्वारा एफएसएनएल का पुरजोर विरोध किया गया था और आरआईएनएल जैसे उपक्रमों का निजीकरण करने के बजाए सेल में विलय की मांग की जा रही है।

**सरकार की विनिवेशीकरण नीति और आटोमेशन का इंपेक्ट**





### बीएसएनएल और बैंकों की बदली तस्वीर

ट्विनसिटी के सार्वजनिक उपक्रम यानी सरकारी बैंकों और बीएसएनएल की भी तस्वीर बदल रही है। पिछले दस साल के दौरान बीएसएनएल में भर्ती बंद होने, वीआर स्कीम और निजी टेलीकाम कंपनी के वर्चस्व के चलते हजारों कर्मचारी अधिकारी प्रभावित हुए हैं। इस विभाग में बहुत मेनपावर बहुत कम बच गया है। यही स्थिति एलआईसी व जीआईसी की है।

### आटोमेशन से बढ़ी बेरोजागारी

औद्योगिक नगरी भिलाई में सरकारी उद्योगों के सिमटने की वजह सरकार की बदली आर्थिक नीति के साथ तकनीकी विकास यानी आटोमेशन को बताया जा रहा है। सीटू यूनियन के महासचिव जगन्नाथ त्रिवेदी बताते हैं कि सरकार सार्वजनिक क्षेत्रों का निजीकरण कर उद्योगपतियों को सौंप रही है। चार लेबर कोड से भी दबाव बनाया जा रहा है। वहीं उद्योगों में आटोमेशन बढ़ने से मेन पावर हो रहा है जिससे भी उद्योगों पर असर पड़ रहा है। 28 अक्टूबर फिर पिछली 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल निजीकरण व महंगाई के विरोध में ही की गई थी। एक्टू के महासचिव बृजेंद्र तिवारी बताते है कि पीएसयू के निजीकरण से दोतरफा नुकसान हो रहा है। एकतरफ देश की परिसंपत्ति सस्ते में बेची जा रही है। वहीं कर्मियों की छटनी हो रही है।

## कांवर यात्रा के फ्लैक्स को फेंका कचरे में, दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- भिलाई-चरोदा निगम में हुआ
- नेशनल हाइवे के पोल पर लगा था
- आयुक्त के आश्वासन के बाद माहौल शांत

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में शिवनाथ कांवर यात्रा का फ्लैक्स नेशनल हाइवे के पोलों पर लगाया गया था। जिसे निगम के कर्मियों ने शुक्रवार को उतारकर निगम कार्यालय में लेकर आ गए। जहां फ्लैक्स में भगवान शिव की फोटो भी जिसे कचरे में फेंका गया था। जिसे देख भिलाई तीन मंडल के भाजपाई विरोध कर निगम आयुक्त के कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। जिसकी जानकारी आयुक्त को होने पर तुरंत शो कॉज नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर कार्रवाई का आश्वासन दिया। उसके बाद ही माहौल शांत हो पाया है।

भिलाई तीन भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि निगम के अधिकारियों, कर्मियों के द्वारा राजनीतिक दबाव, द्वेषपूर्ण कार्य कर शिवनाथ कांवर यात्रा के फ्लेक्स को निकाला गया। कार्यालय के कचरा स्थल पर फेंका गया। इससे हिंदु समाज प्रशासन की करतूत से क्षुब्ध है। कार्यकर्ताओं मे मांग किया है कि म्मिदार अधिकारी, कर्मियों पर कार्रवाई करे। इस दौरान समिति के संयोजक विपिन चंद्राकर, वरुण यादव, तेजस पाल समेत भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि यह सोची-समझी साजिश है। इसे लेकर आगामी दिनों में निगम दफ्तर का घेराव किया जाएगा। निगम के जिम्मेदार अधिकारियों को कार्रवाई की पूरी जानकारी देनी होगी।

## प्लांट में शौचालय और पानी का इंतजाम नहीं भड़के कर्मचारी, अर्धनग्न होकर किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- बोरई स्थित स्ट्रक मेटल बिल्डिंग प्लांट का मामला

स्ट्रक मेटल बिल्डिंग प्लांट कंपनी बोरई में शौचालय और पानी की समस्या को लेकर कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। कर्मचारी अर्धनग्न होकर धरने पर बैठ गए। उन्होंने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि वेतन कुसंगति एवं अपर्याप्त स्वास्थ्य एवं सुरक्षा एवं कार्य स्थल में पानी एवं शौचालय की उचित व्यवस्था नहीं है। जिला प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद त्रिपक्षीय वार्ता हुई, उसमें यह जानकारी मिली कि साल भर से कंपनी अवैध रूप से चल रही है। इनके पास कंपनी चलाने का परमिशन भी नहीं है। त्रिपक्षीय वार्ता में सभी बिंदुओं पर बात हुई। सभी को कुसंगतियों एवं सुरक्षा मानकों का एवं मजदूरों को कार्य स्थल पर सभी सभी बिंदुओं पर चर्चा करने के उपरांत कंपनी प्रबंधन द्वारा मजदूरों से समय मांगा गया। इसके बाद कंपनी को 15 सितंबर तक का समय दिया गया। प्रदर्शन के दौरान जिला पंचायत के पूर्व सदस्य जयंत देशमुख, धर्मेश देशमुख, आकाश सेन, राजू यादव, उमेश्वर यादव, नरेंद्र धनकर, दुष्यंत निषाद, बलराम कौशिक, मिनी यादव मौजूद थे।

## छपरा कॉलोनी में कचरे का अंबार, आप ने की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- निगम आयुक्त को आप के कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वार्ड 29 वृंदा नगर के छपरा कॉलोनी में शिव मंदिर के पास लगातार कचरे का ढेर लगे रहने को लेकर शिकायत की। भिलाई आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। बलविंदर सिंह ने बताया छपरा कॉलोनी में एक शिव मंदिर है। शिव मंदिर के बाजू में नगर निगम द्वारा कचरा जमा किया जा रहा है। कॉलोनी में घर के सामने नाली की सफाई 1 साल पहले हुई थी। अब नालियों की स्थिति बहुत बुरी है। नालियों में घास-फूस उग आए हैं। कुत्ते उस पर मल त्याग करते हैं, जिससे दुर्गंध फैल गई है। उस पर मक्खियां बैठ कर बीमारी फैला रही हैं। आप नेता जसप्रीत सिंह,और जिला सचिव ज्ञान तिवारी, चुम्मा लाल साहू ने आरोप लगाया कि ऐसी लचर सफाई व्यवस्था में इंदौर की तर्ज पर सफाई की परिकल्पना सिर्फ धोखा है। ज्ञापन सौंपने वालों में देवेंद्र, अविनाश, बलविंदर,धर्मेंद्र चौधरी, जसप्रीत सिंह, ज्ञान तिवारी, चुम्म लाल साहू मौजूद थे।

## ट्रेनों का परिचालन सुरक्षित करने हुआ सेमिनार, 82 कर्मियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ट्रेनों के परिचालन को लेकर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने सुरक्षित करने के लिए संरक्षा विभाग द्वारा सेमीनार का आयोजन किया।

- ऑटोमेटिक सिग्नलिंग फेलुअर के बारे में दी जानकारी



जिसमें सुरक्षित परिचालन हेतु परिचालन, वद्यिुत परिचालन , यांत्रिक, इंजीनियरिंग विभाग के कर्मियों के साथ कर्मचारी ट्रेनिंग स्कूल, परिचालन, को लेकर कार्यक्रम हुआ। इस दौरान स्पैड से बचाव, ऑटोमेटिक सिगनलिंग फेलुअर के दौरान दी जाने वाली प्राधिकार, चालक, ट्रेन मैनेजर द्वारा ली जानेवाली सावधानियां को प्रमुखता से बताई गई। शंटिंग के समय बरती जाने वाली सावधानियां,ट्रेनों का सिक्योरिंग, रिलिजिंग, इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा ट्रैक से जुड़ने वाली वर्षाकालीन सावधानियां को भी बताया गया है। कार्यक्षेत्र में निजी संरक्षा , ट्रेन में हॉट एक्सल, ब्रेक बाइंडिंग, दरवाजा खुलना, असमान लोडिंग से बचाव कैरिज, वैगन कर्मचारी, चालक दल, ट्रेन प्रबंधक, स्टेशन कर्मियों द्वारा की जानेवाली जांच और अग्निशामक यंत्र का उपयोग और प्रदर्शन कर सावधानियों की जानकारी बताया गया है। सेमिनार में वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी रायपुर सुरेश चन्द्र, संरक्षा सलाहकारो ने संरक्षा सेमिनार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संरक्षा संगठन रायपुर मंडल के द्वारा प्रत्येक माह में 2 संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन रायपुर मंडल के हर स्टेशनों में किया जाता है। कार्यक्रम में 82 लोगों ने हिस्सा लिया है।

## से-9 अस्पताल में विश्व स्तनपान सप्ताह पर जागरुकता कार्यक्रम शुरू

# स्तनपान शिशु पोषण का सर्वोत्तम स्त्रोत: डॉ. साहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, भिलाई के शिशु रोग एवं नवजात शिशु विभाग द्वारा 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। यह आयोजन वैश्विक स्तर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्देशित इस वर्ष की थीम स्तनपान को प्राथमिकता दें: टिकाऊ समर्थन प्रणाली बनाएं के अंतर्गत किया जा रहा है।





मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक डॉ. एम. रविंद्रनाथ व विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. सौरभ मुखर्जी और डॉ. उदय कुमार की उपस्थित थे। डॉ. रविंद्रनाथ ने इस अभियान को सामुदायिक भागीदारी से सशक्त करने और इसे दीर्घकालीन रूप से प्रभावशाली बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुबोध कुमार साहा ने स्तनपान को शिशु पोषण का सर्वोत्तम स्त्रोत बताते हुए इसके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक लाभों को रेखांकित किया। नर्सिंग कॉलेज के छात्रों व डीएनबी डॉक्टरों द्वारा तैयार की गई पोस्टर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। डीएनबी डॉक्टरों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक से जागरुक किया गया। माताओं द्वारा अपने स्तनपान अनुभव बांटे। कार्यक्रम का संचालन लता मिश्रा व धन्यवाद ज्ञापन अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मीता सचदेवा ने किया। चिकित्सालय में विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें ओपीडी परिसर में पोस्टर प्रदर्शनी और नुक्कड़ नाटक, शिशु वार्ड, नवजात इकाई, बाल रोग ओपीडी और नवजात ओपीडी में जागरूकता सत्र एवं स्तनपान परामर्श शामिल हैं।

नर्सिंग स्टाफ के लिए स्तनपान प्रबंधन और समाधान विषय पर सेमिनार आयोजित है। इस कार्यक्रम के आयोजन में शिशु रोग विभाग की पूरी टीम योगदान दे रही है।शिशु रोग विभाग के सभी डीएनबी रेज़िडेंट डॉ. सुभाष, डॉ. अक्षय, डॉ. राजकुमार, डॉ. मारोती, डॉ. पंकज, डॉ. सचिन, डॉ. अमृता, डॉ. पूजा, डॉ. आनंद, डॉ. उमेश, डॉ. प्रियदर्शिनी, डॉ. शशिकला, डॉ. मेघना, डॉ. मोइन और डॉ. रोमी की भागीदारी रही।

## कंप्रेस्ड एयर स्टेशन में मॉकड्रिल, सुरक्षा को परखा



**भिलाई।** बीएसपी के कंप्रेस्ड एयर स्टेशन-4 में को वेंटिलेशन ब्लोअर मोटर टर्मिनल में टेस्टिंग के समय इलेक्ट्रिकल फ्लैश पर परिकल्पित आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान आपदा प्रबंधन तैयारी को परखा गया। माकड्रिल में दिखाया गया कि प्रिपरेटरी मॉक ड्रिल गतिविधि के अंतर्गत वेंटिलेशन ब्लोअर मोटर टर्मिनल में टेस्टिंग के समय इलेक्ट्रिकल फ्लैश हुआ, जिससे एक कर्मचारी प्रभावित हो गया। साइट इंचार्ज प्रमोद वंजारी ने शिफ्ट इंचार्ज लाल बाबू वर्मा को सूचित किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
रिजर्वेशन कोच
10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 2 अगस्त 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

03

फोन से निकलती किरणों से त्वचा को होते हैं बड़े नुकसान

## लाइव इवेंट

### स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार का नारा देने तिलक को पुण्यतिथि पर किया याद



**भिलाई।** स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है,, का नारा देने वाले बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि शुक्रवार को नेहरू नगर बेलवा तालाब में बनाई गई। इस दौरान परिचर्चा आयोजित कर तिलक के संदेशो और उनके द्वारा किए गए स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में उनके योगदान को याद किया गया। आयोजन का उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को अपने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की योगदानों को बताने और जागरुक करने के लिए किया गया था।

नगर निगम भिलाई के सहायक राजस्व अधिकारी आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक अजय शुक्ला ने बताया कि पहले घरों में गणपति पूजा मनाई जा रही थी बाल गंगाधर तिलक ने घर-घर से निकाल करके सार्वजनिक रूप से गणेश पूजा करवाना शुरू किया। इससे सब लोग मिले एक दूसरे की भावनाओं को समझे। इससे आजादी के आंदोलन में एक अलग दिशा मिली। डॉक्टर राकेश मिश्रा ने बताया कि लाल, बाल, पाल यह तीन नाम ऐसे थे जिसके नाम से अंग्रेज कापते थे। स्वतंत्रता आंदोलन के पर्याय बन गए थे। आज हमें शहीदों की यादों को संजो कर रखना है।

भारत विकास परिषद से जितेंद्र सिंह ने बताया की छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती भी सार्वजनिक रूप से मनाने का आयोजन बाल गंगाधर तिलक द्वारा किया गया था। स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है हम इसे लेकर के रहेंगे यह नारा जन-जन में बीच बहुत प्रचलित हो गया था। आज इन तीन महापुरुषों के बदौलत ही देश को आजादी मिली है। बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद से शैलेंद्र सिंह परिहार, पंकज चौरसिया, यतींद्र पुरंग, नरेश गुप्ता, देवेश सिंह, एमपी सिंह, रितेश वर्मा, सुनील यादव, डोमार सिंह राजपूत, संजय साठवाने, पीएम राजू सहित अन्य वरिष्ठ लोग शामिल रहे।

## सिटी इवेंट

### कैट की दुर्ग जिला महिला इकाई ने किया शपथ ग्रहण, दिया नियुक्ति पत्र



**दुर्ग।** व्यापार जगत में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को नई दिशा देने कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट द्वारा दुर्ग जिला महिला इकाई अध्यक्ष पायल जैन को बनाया गया है। उन्होंने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कैट दुर्ग जिला महिला इकाई अध्यक्ष पायल जैन के साथ एक समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में कैट दुर्ग जिला महिला इकाई चेयरपर्सन तृप्ति सिंह, उपाध्यक्ष नीति बल्लेवार, महामंत्री गुंजा पिंचा, सह सचिव प्रतिभा पुरोहित, रेखा रुपारेल, सचिव नविता शर्मा, स्वाति गुप्ता, कोषाध्यक्ष अमीना हिरानी, कार्यकारी अध्यक्ष नेहा खंडेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य प्रीति सोनी, मधु शर्मा, नेहा तिवारी, शशिकला सोनी, प्रीतिका चौहान, रूपल गुप्ता, संरक्षक विनिता गुप्ता, रंजना गुप्ता, शारदा गुप्ता, सलाहकार डेविड शेरिन, दिनिता बाड़िया, सविता पाध्ये द्वारा शपथ ग्रहण की गई। पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण के बाद अध्यक्ष द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। समारोह में कैट की दुर्ग जिला महामंत्री गूंजा पिंचा ने बताया कि संगठन की अध्यक्ष पायल जैन को संगठन को गढ़ने और उसे नई ऊँचाइयों पर ले जाने का लंबा अनुभव है। वे पिछले कई वर्षों से सैकड़ों महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्यरत है। उन्होंने स्वावलंबी भारत अभियान के तहत महिलाओं द्वारा स्वनिर्मित वस्तुओं की बिक्री के लिए भव्य मेले एवं प्रदर्शनियों का आयोजन कर महिलाओं के उत्पाद को बाजार उपलब्ध करवाया है और महिलाओं को आर्थिक रुप से समृद्ध बनाने में योगदान दिया है। इसके अलावा अन्य पदाधिकारियों व व्यापार जगत से जुड़ी महिलाओं ने समारोह में अपने विचार व्यक्त किए और महिला स्वावलंबन व सशक्तिकरण पर जोर दिया।

### कल निकलेगी विशाल कांवर यात्रा

**भिलाई।** विशाल कांवड़ यात्रा समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष 3 अगस्त रविवार को नगर निगम भिलाई चरोदा वार्ड 21 चरोदा बस्ती के प्राचीन कुँआ से जल लेकर देवबलौदा शिव मंदिर में जल अभिषेक के साथ कावंर यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा में प्रमुख रूप से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल होंगे। कांवर यात्रा का नेतृत्व महापौर निर्मल कोसरे, सभापति कृष्णा चन्द्राकर करेंगे। कावंर यात्रा की तैयारी जोरों पर चल रही है। महापौर एवं सभापति खुद कांवर बनाने में भिड़े हुए हैं। नगर निगम क्षेत्र से लगभग पांच हजार श्रद्धालु यात्रा में शामिल होंगे। कावंर यात्रा का प्रमुख आकर्षण शंकर भगवान के विशाल झाँकी होंगे। कावंर यात्रा की तैयारी में प्रमुख रूप से मनोज मढरिया,मोहन साहू, पप्पू चंद्राकर, ईश्वर साहू, एम.जॉनी युवराज कश्यप, टेनेन्द्र ठाकरे, अशफाक अहमद, टिपेश साहू, मोहम्मद जुनैद, डॉली वर्मा, रीना वर्मा, लक्ष्मी बंछोर, मंजू साहू, गायत्री साहू, सेवक वर्मा, पंकज देवांगन , मोहम्मद नज़रुल, हेमंत वर्मा,अभिषेक वर्मा,वेंकटरमना, कुमुद मढरिया, मनीष वर्मा, डे साहब वर्मा, विनोद निषाद आदि तैयारी में जुटे हुए।



● शिव महापुराण के तीसरे दिन लाखों भक्तों ने किया कथा का अमृत पान

# मन और मंदिर दोनों साफ होना चाहिए, तभी शिव मिलेंगे



जयंती स्टेडियम सिविक सेंटर में चल रही शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने संसार में माताओं का महत्व और शिवजी की अनंत कृपा की महिमा बताई। मन और मंदिर साफ हो तो भोलेनाथ की कृपा होगी। मन मैला है और हमने मंदिर साफ किया तो भी श्रेष्ठ नहीं है। मन साफ नहीं कर पाए तो भगवान शंकर की कृपा नहीं होगी। मन जितना साफ होगा उतना शिवजी हमारे करीब आते जाएंगे। इसलिए मन और मंदिर दोनों साफ़ होना चाहिए। मन यदि काम, तृष्णा, वासना में बंध गया तो ये मन परमात्मा तक नहीं पहुंच पाता। बोल बम सेवा समिति के तत्वावधान में उपनेता प्रतिपिक्ष दया सिंह के नेतृत्व में सावन के पावन अवसर पर भिलाई में शिव महापुराण कथा का आयोजन हो रहा है।

**भिलाई।** जहां रोज लाखों भक्त कथा सुनने पहुंच रहे है। रोज आयोजनकर्ता व समिति के द्वारा लाखों भक्तों को महा प्रसादी का वितरण किया जा रहा है। इसके लिए व्यास पीठ से पं मिश्रा ने दया सिंह और उनकी पूरी टीम को साधुवाद दिया और उनकी शिव भक्ति की तारीफ की। हमने पहले भी कहा था कमाओ खूब कमाओ, लेकिन जो धन लेकर आए हो, किसी को दे नहीं पाते तो स्वयं के ऊपर खर्च करो। होता क्या है कि मनुष्य कमाता तो खूब है, लेकिन स्वयं पर खर्च नहीं करता। बच्चों को खूब पढ़ाओ।

### बेटा व बेटी को दें समान शिक्षा

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. मिश्रा ने कहा कि बेटा-बेटी में भेद न करो। जितना अच्छा पढ़ाई बेटों को करते हो उतना बेटियों को भी कराओ। शिक्षा वो पूंजी है जो सफलता के द्वार खोलती है। कमाने से अपने ऊपर खर्च करने का भी क्रम रखिएगा। आखिर में ये शरीर, प्राण छूट गया तो क्या फायदा। मन को साफ करके मंदिर बना लेना मन को साफ करने का सबसे सुंदर तरीका भगवान का मंत्र जाप, नाम जाप करते जाओ तो मन शुद्ध होता चला जाएगा।

### श्रेष्ठ गुरु रंग निखार देता है

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. मिश्रा ने कहा कि सच्चा गुरु कोई श्रेष्ठ गुरु धोबी के समान और शिष्य कपड़े के समान होता जाता है। उसे धोने के लिए वह भगवान के नाम का साबुन बनाता है, उसे सत्संग में ले जाकर बिठा देता है। गुरु अपनी वाणी से शिष्य को धोना प्रारंभ करता है तो उसका रंग निखारने लगता है।



### गौमाता व माताओं की वजह से पूरा जगत

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. मिश्रा ने कहा कि भारत की भूमि पर जन्म लेने वाला सनातनी सर्वे भवन्तु सुखिना की भावना लेकर कामना करता है। शिव कथा कहती है कि मन साफ कर लेना यानी शिवजी को अपने भीतर प्रवेश कर लेना। यदि पूरा जगत सही तरह से वो केवल माताओं और गौ माता की वजह से ही।

जब तक संसार में सतीत्व वाली माताएं और गौ माता है, तब तक यहां कभी अकाल नहीं पड़ सकता। कथा में प्रमुख रूप से तृप्ती सिंह प्रदेश अध्यक्ष क्षमाणी राजपूत संगठन, कुंवर विभूति नारायण सिंह, शिक्षा विद आईपी मिश्रा, स्वीमिंग संघ के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल खंडेलवाल, पंजा-कुश्ती संघ के प्रदेश अध्यक्ष जी सुरेश बाबे, नेट बॉल खेल संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमन साहनी, समाज सेवी भूपेंद्र यादव, रतन लाल अग्रवाल, सुनिल गोयल, दिलीप अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### माताएं अपने लिए नहीं, परिवार के लिए मांगती है

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. मिश्रा ने कहा कि जगत में केवल एक माता-बहन ही ऐसी होती जो अपने लिए कुछ नहीं मांगती अपने परिवार की खुशी ही मांगती है। स्त्री और पुरुष के मंदिर जाने में अंतर है। पुरुष मंदिर जाए तो वह स्वयं के व्यापार, व्यवसाय और अपनी उन्नति मांगता है। लेकिन स्त्री जब मंदिर जाती है तो वह केवल परिवार और हर सदस्य के लिए वर मांगती है। सारे व्रत माताएं अपने पति, बच्चे, और परिवार के लिए। सबके लिए वह व्रत रखती है, लेकिन स्वयं के लिए कभी नहीं। शिवजी ऐसे हैं कि स्त्री यदि स्वयं के लिए कुछ न मांगे लेकिन प्रभ उसे सब कछ देते हैं।



# जरुमतमंदों को कराया गर्म व पौष्टिक भोजन, सीए पहुंचे दुर्ग रेलवे स्टेशन

**भिलाई।** आईसीएआई द्वारा दुर्ग रेलवे स्टेशन के बाहर एक फूड डिस्ट्रीब्यूशन ड्राइव का आयोजन किया गया था। इस दौरान फीडिंग द हंगरी इज फीडिंग द सोल के उद्देश्य को लेकर ज़रूरतमंदों को गर्म और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया। इस पुण्य कार्य में छात्रों सहित संस्थान के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भाग लिया और सेवा भाव का उदाहरण प्रस्तुत किया। भिलाई ब्रांच के चेयरमैन सीए राजेश कुमार बाफना ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सेवाभावी कार्यक्रम न केवल सामाजिक उत्तरदायित्व को निभाते हैं, बल्कि हमें इंसानियत की मूल भावना से भी जोड़ते हैं। सीआईसीएएसए द्वारा लिया गया यह




कदम अन्य शाखाओं के लिए भी प्रेरणादायी रहेगा। कार्यक्रम की संकल्पना संस्था के चेयरमैन सीए प्रतीक अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया था। इस अवसर पर प्रतीक अपनी धर्मपत्नी नेहा अग्रवाल के साथ उपस्थित होकर स्वयं जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ भोजन देना नहीं, बल्कि सम्मान और आत्मीयता भी पहुंचाना है। जब युवा विद्यार्थी सेवा में जुटते हैं तब समाज में वास्तविक परिवर्तन की शुरुआत होती है। इस कार्यक्रम में कार्यकारिणी सदस्य सीए तलविंदर सिंह सैनी, सीए अंकुश पेशवानी सहित संस्था के छात्र-छात्राओं में प्रमुख रूप से अंजनी कुमार सिंह, दीक्षा गणेशानी, प्रखर संचेती, के. लक्ष्मी ऋतिका, तमन्ना, एम.वी. आदित्य, आकांक्षा, सुप्रिता सिन्हा, हार्दिक, पुण्य, ईशा प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

## दो दिवसीय रिमझिम सावन 2025 का आयोजन आज से, होंगे विविध कार्यक्रम



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव रिमझिम सावन 2025 का दो दिवसीय आयोजन 2 और 3 अगस्त को केवल भवन दुर्ग में आयोजित किया गया है। जिसके लिए पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। इसी कड़ी में दुर्ग की महापौर अल्का बघमार वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा के निवास पहुंचीं और उनकी धर्मपत्नी मंजु वोरा को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र दिया। महापौर बघमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार और रविवार को केवल भवन, स्टेशन रोड, दुर्ग में आयोजित किया जाएगा। जिसमें महिलाओं के लिए पारंपरिक, सांस्कृतिक और मनोरंजक गतिविधियाँ आयोजित होंगी। इस अवसर पर अरुण वोरा ने नगर निगम दुर्ग को साधुवाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक विरासत को भी सहेजते हैं। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता का लिए शुभकामनाएं दी।

## अभा अग्रवाल महिला सम्मेलन में सदस्याओं ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रस्तुत किया नृत्य

# सावन की फुहार-प्रकृति का श्रृंगार की थीम पर नो प्लास्टिक और केमिकल युक्त खाद का इस्तेमाल न करने का दिया संदेश

कार्नर न्यूज

भिलाई। लायन्स क्लब भिलाई ग्रेट डब्ल्यू ई क्लब भिलाई ग्रेट एवं अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन भिलाई शाखा के संयुक्त तत्वावधान में भिलाई को होटल में श्रावणी तीज पर सावन की फुहार - प्रकृति का श्रृंगार की थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती नृत्य नाटिका, प्लास्टिक का यूज न करने की सलाह देने के साथ ही केमिकल युक्त खाद का इस्तेमाल न करने पर भी जोर दिया गया। इस दौरान समाज की महिलाओं द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर शानदार प्रस्तुति दी गई।



### एक-एक सदस्य लगाए पौधा

समारोह में प्रमुख रूप से चार्टर प्रेसिडेंट अनिता अग्रवाल, ऊषा अग्रवाल, अनिता पांडेय, सरोज अग्रवाल, भारती अग्रवाल, बबीता सोनी, मंजू बंसल, कविता गोयल उपस्थित थीं। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान अग्रसेन और सर मेल्विन जोन्स के तेलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। समारोह में सभी सदस्यों द्वारा एक-एक पौधा लगाकर पर्यावरण का संदेश दिया गया।



### नृत्य नाटिका की दी प्रस्तुति

कार्यक्रम के दौरान सावन गीत लता अग्रवाल और अन्य सदस्यों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। लायंस क्लब की ओर से धरती की पुकार नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। पर्यावरण का संदेश देती प्रस्तुति में वृक्षारोपण करने पर जोर दिया गया, नो प्लास्टिक और केमिकल युक्त खाद का इस्तेमाल न करने



पर भी जोर दिया गया। अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की ओर से ऑपरेशन सिंदूर पर शानदार प्रस्तुति दी गई। डब्ल्यू ई क्लब भिलाई ग्रेट के द्वारा सावन गीत पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया गया।इस दौरान विभिन्न प्रकार के गेम्स का भी आयोजन किया गया था जिनकी तैयारी भी थीम के अनुसार की गई थी। सभी सदस्यों को संस्थाओं की ओर से आकर्षक गिफ्ट भी भेंट किए गए। गेम्स में विजेताओं को ईनाम भी थीम के मुताबिक दिए गए। समारोह में तीनों संस्थाओं के प्रमुख सहित सभी सदस्याएं उपस्थित थी।

## सिटी इवेंट

## छग की वर्तमान स्थिति व सामाजिक एकजुटता पर विचार किये साझा



**भिलाई।** रिसाली सेक्टर के एकता मंच में छत्तीसगढ़ मातृशक्ति संगठन द्वारा समाजिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान मंच के सदस्यों ने छत्तीसगढ़ के वर्तमान स्थिति और सामाजिक एकजुटता पर अपने विचार प्रस्तुत किये। संगोष्ठी में मुख्यवक्ता के रूप में राजेन्द्र परगनिया ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है। छत्तीसगढ़ निर्माण के 25 सालों में छत्तीसगढ़ जितना मजबूत होना था वह नहीं हो पाया है, छत्तीसगढ़ में औद्योगिकरण तेजी से हुआ लेकिन जिस तरह क्षेत्रीय विकास होना था वह नहीं हो पाया। छत्तीसगढ़ खनिज राज्य है पूरे प्रदेश में खदानें खुली, कई तरह के खनिजो का माइनिंग हुआ लेकिन माइनिंग के राजस्व का बंदरबांट हो गया, जिससे क्षेत्रीय जनता का विकास संघर्ष करता आ रहा है। छत्तीसगढ़ की जनता को कॉर्पोरेट घरानों से सावधान होना होगा।

■ छत्तीसगढ़ मातृशक्ति संगठन की सामाजिक संगोष्ठी

आज किसानों की स्थिति ठीक नहीं है, युवाओं को रोजगार नहीं है, महिलाएँ सुरक्षित नहीं है, अपराधिक मामले बढ़ते जा रहे, जल, जंगल-जमीन सुरक्षित नहीं है, छत्तीसगढ़ के स्थानीय लोगों का प्रतिदिन जीविका के लिये पलायन हो रहा है ये तमाम समस्या लगातार बढ़ते जा रही। हमें छत्तीसगढ़ का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने प्रदेश की भलाई के लिए हम सब को एकजुट होकर जमीन पर संघर्ष करना होगा नई नीतियों के साथ आगे बढ़ना होगा अपने लोगों को जागरूक करना होगा। इस दौरान चन्द्रकला तारम, मुलेश्वरी कोलियारा, खिलेश्वरी साहू, अर्चना बारले, पेमीन ठाकुर, रजवन्तीन बाई, अन्नू जांगड़े, पार्षद चंद्रभान सिंह ठाकुर, चुम्मन देशमुख, राजेन्द्र रजक, मोनेश बंछोर, युगल किशोर, मुक्तानंद साहू ने भी अपने विचार रखे। सामाजिक संगोष्ठी का संचालन दिनेश्वरी भुआर्य ने किया। कार्यक्रम में उमा सिंह, त्रिवेणी ठाकुर, प्रतिभा दामले, पार्वती मंडावी, केशर बाईं, राम बाईं, पेमीन बाई, दुरबत्ती बाई, कनकलता नाग, शुखमनी बाई, अर्चना बारले, राधेश्याम नेताम, दिलीप दामले, वेदराम यादव, रेणूका देशलहरा, ममता देवांगन, काजल साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

## सेवानिवृत्त श्रमवीरों का किया सम्मान, विदाई गीतों ने बांधा समां




**भिलाई।** डॉ. अम्बेडकर भवन सेक्टर-6 भिलाई में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के श्रमवीरों के जुलाई-2025 में रिटायरमेंट होने पर सेवानिवृत्त सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान म्यूजिकल ग्रुप द्वारा विदाई गीतों ने समां बांध दिया। इस दौरान भारतीय बौद्ध महासभा की अध्यक्ष सविता मेश्राम, बीएसपी एस.सी-एस.टी एम्पलाइज एसोसिएशन पं क्र-6976 के अध्यक्ष कोमल प्रसाद प्रमुख रुप से उपस्थित थे। सविता मेश्राम ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि पिछले दशकों से एसोसिएशन का कोई रचनात्मक कार्य नजर नहीं आता था। लेकिन आज एसोसिएशन अपने कार्मिक के सम्मान के लिए एक महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद कहा कि एसोसिएशन ने भारत रत्न बाबा साहेब के महान जीवन दर्शन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने के लिए इस भवन को लिया था। सभी के मेहनत और सामाजिक सहयोग से इस अम्बेडकर स्थल को भिलाई में एक आदर्श प्रेरणा स्थल के रूप मे स्थापित करेंगे। सम्मान समारोह में तथागत म्यूजिकल ग्रुप के गायक-गायिकाओं ने विदाई गीतों से समा बांधा। तथागत म्यूजिकल ग्रुप के संस्थापक धनजय मेश्राम, सुनीत डोंगरे, नीतू सुखदेवे, कविता खापर्डे, कमल मेश्राम, सुभाष मेश्राम, अरूण जामुलकर, जय फुलझेले, अनीता जामुलकर और दीप्ति वैद्य ने अपनी सुरीली तानों से लोगों का मन मोह लिया।

## धर्म लाइव

## शिव पुराण कथा में शिव-माता और नंदी महाराज की झांकियों का भक्तों ने किया दर्शन



**भिलाई।** दुर्ग जिले के सबसे प्राचीन शिव मंदिर शिव पुराण कोकड़ी मंदिर में शिव महापुराण कथा के पाचवें दिन की कथा में बृजवासी कथावाचक धीरेन्द्र महाराज ने श्रोताओं को भगवान शिव विभिन्न कथाओं को श्रवण कराया। कथा के मुख्य यजमान श्रीमान फूलचंद मौर्या और धीरेन्द्र महाराज बृजवासी द्वारा महादेव शिवलिंग पूजन करने के बाद कथा का प्रारंभ किया गया। श्रावण मास के पावन पर्व पर भगवान भोलेनाथ की कथा का रसपान शिव भक्तों को शिव कोकड़ी मंदिर प्रांगण में कराया जा रहा है। संगीतमय शिव पुराण कथा में भगवान शिव और माता पार्वती एवं नंदी महाराज की सुंदर झांकियों का दर्शन कराया गया। शुक्रवार की कथा में बाल व्यास धीरेन्द्र महाराज ने भगवान श्रीगणेश के जन्म की कथा का वर्णन किया। साथ ही कार्तिकेय और गणेश के विवाह की कथा, महादेव के पशुपतिनाथ अवतार की कथा का श्रोताओं को श्रवण कराया। कथा में मारू टोला खैरागढ़ से ज्ञानिक वर्मा, हुकुम दास वर्मा, राजेश सिन्हा, राजकुमार दुबे, गंगाराम वर्मा, सीताराम वर्मा, श्रवण वर्मा, प्रकाश वर्मा सहित सभी खैरागढ़ से पहुंचे और बाल व्यास का सम्मान किया।

---

● शंकराचार्य टेक्निकल कैम्पस में प्रथम वर्ष में प्रवेशित स्टूडेंट्स के लिए हुआ इंडक्शन प्रोग्राम

# स्किल डेवलप करना वर्तमान समय की जरुरत, इनोवेशन पर हो फोकस वर्किंग, टेक्नोलॉजी के सही इस्तेमाल से मिलेगी सफलता

**भिलाई।** श्री शंकराचार्य टेक्निकल कैम्पस में प्रथम वर्ष में प्रवेशित छात्रों का इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया। संस्थान के ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चेयरमैन गंगाजली एजुकेशन सोसाइटी एवं चांसलर शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी थे। दीप प्रज्जवल कर सरस्वती वंदना के साथ की गई। अतिथियों, छात्रों व पालकों का परंपरागत रूप से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. पीबी देशमुख संस्था के निदेशक ने स्वागत भाषण में सभी नवप्रवेशित छात्रों व अतिथियों का स्वागत करते हुए कॉलेज के 26 वर्षों के गौरवशाली इतिहास व उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। टेक्नोलॉजी के सही उपयोग करने पर जोर दिया। साथ ही इंजीनियरिंग के विषयों व शैक्षणिक कार्यक्रम की विस्तृत रूप से जानकारी दी। अपने लक्ष्य को हासिल करने हेतु क्या करना है कैसे करना है इत्यादि मार्गदर्शन किया। श्री गंगाजली एजुकेशन सोसाइटी की प्रेसिडेंट डॉ. जया मिश्रा ने नवप्रवेशित छात्रों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य के लिए तैयार होने का रास्ता बताया। साथ ही पढ़ाई के साथ-साथ स्किल डेवलपमेंट पर भी जोर दिया। संस्थान के दृष्टिकोण और मिशन पर प्रकाश डाला।





### संस्कारित शिक्षा को अपनाने का दिया संदेश

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोसाइटी के चेयरमैन एवं चांसलर आईपी मिश्रा ने नव प्रवेशित छात्रों को संबोधित करते हुए सारगर्भित भाषण में संस्कारित शिक्षा को अपनाने पर बल दिया। संस्थान में सभी को उत्तम शिक्षा प्रदान करने का भरोसा दिया। उन्होने वैश्विक स्तर पर बदलाव के अनुरूप आध्यात्मिक तत्वों को स्वयं पर विकसित करने पर जोर देकर सभी को अपनी शुभकामनाये प्रदान की। इस अवसर पर वाईस चांसलर डॉ. एके झा भी उपस्थित रहे। बीटेक प्रथम वर्ष की प्रोफेसर इन्चार्ज एवं रजिस्ट्रार डॉ. स्मिता सेलट ने धन्यवाद ज्ञापन देकर छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### नैतिक शिक्षा पर दिया जोर, दो चरणों में हुआ इंडक्शन प्रोग्राम

सभी छात्रों को कैम्पस का भ्रमण कराया गया। इन्डक्शन प्रोग्राम दो चरणों में संपन्न हुआ। मंचस्थ सभी ने नव आगंतुकों के भविष्य की उज्जवल कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रोग्राम मे सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक व प्राध्यापिका उपस्थित रहें। कार्यक्रम के उपरांत महाभोग का आनंद छात्रों, पालकों, प्राध्यापकों एवं सभी स्टॉफ ने लिया। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने नैतिक शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति के मूल्यों का ज्ञान भी होना चाहिए। इससे हमारा सर्वांगिण विकास होगा। हम बेहतर शिक्षा के साथ ही संस्कारवान व्यक्तित्व वाले बन सकेंगे।

### कॉलेज के स्टूडेंट्स को पढ़ाया अनुशासन का पाठ

दो चरणों में आयोजित इंडक्शन प्रोग्राम में स्टूडेंट्स को अनुशासन को लेकर जानकारी दी गई। बताया गया कि नैतिक मूल्य और अनुशासन एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। जीवन के हर पहलू में सफलता के लिए आवश्यक हैं। नैतिक मूल्य हमें बताते हैं कि क्या सही है और क्या गलत, जबकि अनुशासन हमें उन मूल्यों के अनुसार कार्य करने में मदद करता है। नैतिक मूल्य वे सिद्धांत हैं जो हमें बताते हैं कि हमें कैसे व्यवहार करना चाहिए, जैसे ईमानदारी, सम्मान, दया और न्याय। इसी प्रकार जीवन में अनुशासन का होना आवश्यक है। यह में श्रेष्ठ बनाते हैं।

---

## नशा मुक्ति के लिए कार्यक्रम

## दुनिया के नशे को छोड़कर अगर व्यक्ति को ईश्वरीय नशा हो जाए तो परिवार व समाज का होगा कल्याण




**भिलाई।** नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत हाई स्कूल पुलगांव में ब्रह्माकुमारी राजऋषि भवन केलाबाड़ी और पुलगांव थाना के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति के लिए जन जागृति कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय से ब्रह्माकुमारी चैतन्य प्रभा और ब्रह्माकुमारी रेनू पुलगांव हाई स्कूल की प्राचार्य शाजी एंथोनी, पुलगांव वार्ड पार्षद अश्विनी निषाद, पुलगांव थाना के प्रधान आरक्षक संतोष कंवर और आरक्षक अगेश्वर देशमुख उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी चैतन्य प्रभा बहन ने बताया कि तनाव को दूर करने और क्षणिक आनंद की प्राप्ति के लिए मनुष्य नशे का सहारा लेते हैं लेकिन नशा जीवन भर के लिए दुःखदाई हो जाता है। वास्तव में नशे के अधीन व्यक्ति से अगर पूछा जाए कि आपको नशा क्यों करना है तो वह कहते हैं कि उसे आनंद की प्राप्ति होती है, चिंता से मुक्ति मिल जाती है। ब्रह्माकुमारी चैतन्य प्रभा दीदी ने बताया कि हम राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करते हैं तो हम सभी प्रकार के चिंता से मुक्त हो सकते हैं एवं अतिनद्रिय सुख एवं दिव्य आनंद की अनुभूति होती है, जो हमारे मनोबल को बढ़ाने वाला, हमें स्वास्थ्य लाभ देने वाला एवं हमारे चरित्र उत्थान करने वाला है। इसलिए दुनिया के नशा को छोड़कर अगर व्यक्ति को ईश्वरीय नशा हो जाए तो न केवल उसके परिवार का बल्कि समाज और देश का भी कल्याण हो सकता है।

### सभी को कराया मेडिटेशन का अभ्यास

बीके प्रभा बहन ने बताया की 10 से 14 साल के साढ़े पांच हजार नए बच्चे हर दिन तंबाकू के शिकार होते जा रहे हैं। तंबाकू से हर 8 सेकंड में भारतवर्ष में एक व्यक्ति की मृत्यु हो रही है और एक दिन में 3750 एवं एक वर्ष में 15 लाख लोग काल के गाल में समा जाते हैं। ब्रह्माकुमारी चैतन्य प्रभा ने सभी को राजयोग का अभ्यास कराते हुए गहन शांति की अनुभूति कराई।

### बच्चों को नशा मुक्त रहने किया प्रेरित

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य शाजी एंथोनी ने कहा की ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा आज दी गई जानकारी और बच्चों को मिली प्रेरणा से निश्चित तौर पर लगातार ऐसे प्रयास करने से सभी बच्चें और स्कूल नशा मुक्त स्कूल बन जाएंगे। इस सत्र को अश्विनी निषाद ने भी संबोधित किया और बच्चों को अनुशासन में रहने की शिक्षा दी। पुलगांव थाना से आए हुए प्रधान आरक्षक संतोष कंवर ने बच्चों को अपने जीवन में आए हुए चुनौतियों को शिक्षकों और माता-पिता के मार्गदर्शन में समाधान करने की सलाह दी और अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा करते हुए बच्चों को नशा मुक्त रहने की प्रेरणा दी। ब्रह्माकुमार दाऊ भाई ने सभी को नशा मुक्त रहते हुए अन्य लोगो को भी नशा मुक्त रहने की शपथ दिलाई। नशा मुक्ति के इस कार्यक्रम से हाई स्कूल पुलगांव के सैकड़ो विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

## विदाई समारोह का आयोजन

## सेवानिवृत्ति को नकारात्मक नहीं, सकारात्मक रूप में लें



### प्रो डॉ. एम लक्ष्मी को दी विदाई

**भिलाई।** शासकीय डॉ वा वा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के वनस्पतिशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ एम लक्ष्मी प्रसूना के सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि सेवानिवृत्त हमें नकारात्मक रूप में नहीं अपितु सकारात्मक रूप में लेना चाहिए। सेवाकाल में हम बहुत सारे बंधनों में बंधे रहने के कारण जीवन के बहुत सारे आवश्यक कार्य नहीं कर पाते। सेवानिवृत्ति के पश्चात अपने जीवन की अधूरी इच्छाओं एवं महत्वपूर्ण कार्य को करने का अवसर प्राप्त होता है। डॉ प्रसूना अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित निष्ठावान रही हैं। हमारे महाविद्यालय में उनका योगदान अविस्मरणीय है। इस अवसर पर डॉ० प्रसूना ने कहा कि महाविद्यालय में सबका प्यार, सहयोग एवं सम्मान मिला। सबका व्यवहार अत्यंत आत्मीय रहा है। महाविद्यालय को जब भी मेरी आवश्यकता होगी, सेवा के लिए मैं तत्पर रहूंगी। इस अवसर पर प्रसूना के पति वेंकटेश राव ने भी अपने विचार रखे। डॉ रंजना श्रीवास्तव ने डॉ प्रसूना को पुष्पगुच्छ, शॉल, श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ अनिल जैन, डॉ अमिता सहगल, डॉ मीरा गुप्ता के साथ पूरा महाविद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे।

---

## प्रेमचंद जयंती समारोह पर विद्यार्थियों ने नाटकों से किया मंत्रमुग्ध

कार्नर न्यूज

# बूढ़ी काकी को पंगत की जूठन खाते देख बहू का हुआ ह्दय परिवर्तन

**भिलाई।** प्रगतिशील लेखक संघ भिलाई-दुर्ग के आमदी नगर स्थित विद्या निकेतन हायर सेकंडरी स्कूल में कथा सम्राट प्रेमचंद जयंती समारोह पर विद्यार्थियों ने नाटकों से मंत्रमुग्ध किया। साहित्यकारों ने कहा कलम के सिपाही ने कहानियों से समाज बदला। साहित्य का उद्देश्य आदर्श समाज के साथ इंसानियत का जज्बा जगाना है। मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी थे। वरिष्ठ कथाकार लोकबाबू की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य डां. अब्दुल हक, आमदीनगर शिक्षा समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार रुद्रा, सचिव आरडी साहू, कार्यकारिणी सदस्य पीके चक्रवर्ती, छग हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव, वरिष्ठ साहित्यकार गुलवीर सिंह भाटिया, छग प्रगतिशील लेखक संघ के प्रांतीय महासचिव परमेश्वर वैष्णव, सचिव विमलशंकर झा, इप्टा के प्रांतीय अध्यक्ष मणिमय मुखर्जी, राष्ट्रीय सचिव राजेश श्रीवास्तव, शायर मुमताज, और आमदीनगर विद्या निकेतन स्कूल की प्राचार्य माधुरी कलस्कर थीं। छात्र, इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र छात्राओं द्वारा प्रेमचंद की अमर कहानी बूढ़ी काकी का प्रभावी नाट्य मंचन के साथ अन्य शिक्षाप्रद कृतियों की मोहक प्रस्तुति दी। छात्रा मुस्कान ठाकुर के प्रेमचंद के जीवन परिचय के बाद शिक्षिका गायत्री साहू व सुरेखा सोलंगी के निर्देशकीय कसावट में मंचित बूढ़ी काकी नाटक में अपने प्रभावोत्पादक अभिनय से कथानक में बच्चों ने घर में बुजुर्ग स्त्री की उपेक्षा का मार्मिक चित्रण किया।



### प्रस्तुत नाटक ने बटोरी तालियां, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध



परिवार के बेटे के विवाह के तिलक में खाना, पीना, गाना बजाना के बाद सभी सो जाते हैं लेकिन बूढ़ी काकी को कोई भोजन के लिए बहू बेटा कोई नहीं पूछता। सिर्फ नन्हीं नातिन उसका ख्याल रखती है। भूख से व्याकुल काकी को जब पत्तलों की जूठन खाते बहू देखती है तो उसका ह्दय परिवर्तन होता है और क्षमायाचना करती है। नाटक में बूढ़ी काकी बनी भूमिका वर्मा,बहू वर्निका बंजारे, बेटा बुद्धिराम- हंसा छत्री, बड़ा पोता मुखराम कुलदीप साहू व छोटा पोता जय नाग व पोती धारिणी धोबी ने चित्ताकर्षक अभिनय किया। नाटक में संगीत वाले अंजलि, मुस्कान व भूमिका तथा लड़की वाले श्रीकांत, ललिता, चंद्रशेखर, आदित्यदीप, गौरी, जीनस और खाना बनाने वाले के किरदार से सौरभ, रितिका और दिनेश ने प्रभावित किया। इसके बाद प्रेमचंद की पागल हाथी कहानी के भावाभिनय वाचन से नन्ही छात्रा सानिया रत्नाकर ने विभोर किया। हर्षिता यादव, पूजा चौहान, श्रेया तांडी और अमित टोप्पो ने कहानी चमत्कार का संवाद मंचन और ठाकुर का कुआं कहानी का वाचन गौरी ठाकुर ने किया।

### प्रबुद्धजनों ने कहा- प्रेमचंद ने जगाई सामाजिक चेतना

पूर्व में मुख्य अतिथि श्री बीडी कुरैशी ने आयोजन को सराहनीय बताते हुए कहा कि स्कूल में बच्चों के बीच इस तरह के सार्थक कार्यक्रम से विद्यार्थियों में साहित्यिक अभिरुचि बढ़ेगी। प्रेमचंद ने अपनी वैचारिक लेखनी से समाज को जागृत किया। प्रेमचंद को पढ़कर बच्चों को एक आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा मिलेगी। कथाकार लोकबाबू ने कहा कि प्रेमचंद ने पराधीनता के साथ अपने समय के समाज के शोषण और सामाजिक असमानता और पाखंड के विरुद्ध चेतना जगाई। वे खुद को कलम का मजदूर कहते थे । उनका मानना था कि जिस दिन वे कुछ लिख नहीं पाते, उस दिन उन्हें रोटी खाने का हक नहीं है।

### गोदान और ईदगाह जैसी रचनाओं की वजह से 100 साल बाद भी किए जा रहे याद

व्यंग्यकार रवि श्रीवास्तव ने कहा कि गोदान व ईदगाह जैसी संदेशपरक जैसी रचनाएं लिखने कारण ही हम प्रेमचंद को सौ साल बाद याद कर रहे हैं। बच्चे प्रेमचंद की कहानियों को पढ़कर बेहतर करियर के साथ एक अच्छा इंसान बन सकते है। श्री हक ने कहा कि कलम के सिपाही ने सामाजिक बदलाव का संदेश दिया। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा व कार्यक्रम की प्रशंसा की। परमेश्वर वैष्णव ने कहा कि प्रेमचंद सर्वहारा वर्ग और सामाजिक सरोकार के अग्रदूत थे। उन्होंने अपनी कहानियों व उपन्यासों से पराधीन भारत की व्यथा का चित्रण किया। श्री भाटिया ने कहा कि आज प्रेमचंद व तुलसीदास दोनों की जयंती है, जिन्होंने आदर्श समाज के लिए रचनात्मक पैगाम दिया। श्री साहू ने बच्चों को प्रेमचंद से प्रेरणा लेने कहा । रंग निर्देशक मणियम मुखर्जी व राजेश श्रीवास्तव ने बच्चों के अभिनय की सराहना करते हुए उनसे इप्टा के नाट्य शिविर में शामिल होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन प्रचार्य माधुरी कलसकर व शिक्षिका गायत्री पात्रा ने संचालन किया। इस अवसर पर स्कूल में प्रेमचंद अध्ययन मंच के पदाधिकारियों की घोषणा की। इनमें संरक्षक प्राचार्य माधुरी कलसकर सलाहकार सुरेधा सोलंकी, सदस्य अपर्णा गवांदे, गायत्री पात्र, अंबिका मानिक, अध्यक्ष भूमिका वर्मा, उपाध्यक्ष वर्णिका बंजारे. सचिव ट्विंकल व कार्यकारिणी सदस्य- अंजलि, सानिया, प्रियांश मुस्कान सोहन, भूमिका, चेतना, सृष्टि,मुस्कान व पूजा हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### टी 20 में छत्तीसगढ़ की जीत ऐश्वर्य ने बनाए 66 रन



**रायपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन पुडुच्चेरी द्वारा सीनियर वुमेंस इंटर स्टेट टी 20 अभ्यास मैच 2024-25 में छत्तीसगढ़,झारखंड, पुडुच्चेरी और हिमाचल प्रदेश आदि टीमें हिस्सा ले रहीं है। शुक्रवार को पुडुच्चेरी में छत्तीसगढ़ टीम का मैच पुडुच्चेरी के विरुद्ध हुआ। पुडुच्चेरी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पुडुच्चेरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 111 रन बनाये । पुडुच्चेरी की ओर से प्रत्युशा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुये 33 रन तथा कवीशा ने 28 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रीति यादव ने 3 विकेट तथा उर्मिला हरीना ने 2 विकेट प्राप्त किये। 112 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ ने 14 ओवरों में 2 विकेट खोकर 116 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से ऐश्वर्या सिंह ने 66 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त कुति गुप्ता ने भी नाबाद 30 रनों की पारी खेली। पुडुच्चेरी की ओर से प्रत्युशा तथा मैथी ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने मैच 8 विकट से जीत लिया।

### 25वी राज्य स्तरीय सब जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू



**भिलाई।** 25 वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सब जूनियर बॉल बैडमिंटन बालक एवं बालिका प्रतियोगिता शुक्रवार को बीएसपी बैडमिंटन काम्पलेक्स, सेक्टर- 4 में शुरू हुई। 3 अगस्त तक चलने वाली प्रतियोगिता में राज्य की विभिन्न जिलों से टीम में भाग ले रही है। पहले दिन शानदार मुकाबले खेले गए, बालिका वर्ग में प्रथम मैच गरियाबंद और रायगढ़ जिले के बीच खेला गया। जिसमें गरियाबंद जिले ने 35-21, 35-26 से जीत हासिल की। वहीं द्वितीय मैच में दुर्ग जिले का सामना बिलासपुर जिला से हुआ। जिसमें बिलासपुर जिले ने 35-21 39-37 से जीत हासिल की और बस्तर जिले से गरियाबंद जिले का आमना-सामना हुआ। जिसमें बालक वर्ग में प्रथम मैच बस्तर और बिलासपुर जिले के बीच खेला गया जिसमें बिलासपुर जिले मैं 35-25 35-26 से जीत हासिल की वहीं दूसरे मैच में धमतरी का सामना महासमुंद जिले से हुआ। जिसमें धमतरी जिले ने 30-35 35-31 और 37-35 से जीत अपने नाम की। शाम 6:00 उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि ओलंपियन, अर्जुन अवार्ड से सम्मानित राजेंद्र प्रसाद, उप महाप्रबंधक, कीड़ा संस्कृत एवं नागरिक सुविधाएं, भिलाई इस्पात संयंत्र थे। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए राजेंद्र प्रसाद ने बच्चों को लगन एवं निष्ठा के साथ पढ़ाई एवं खेल में आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया। खेल के मैदान में अनुशासन एवं कोचेस द्वारा दी गई टिप्स का अनुसरण कर आगे बढ़ाने को कहा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बाल बैडमिंटन संघ के कार्यकारी अध्यक्ष इसरार अहमद खान, भिलाई इस्पात संयंत्र बॉल बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष रज्जी उननोनी, उपमहा प्रबंधक ब्लास्ट फर्नेस, भिलाई इस्पात संयंत्र डी वी एस रेड्डी सचिन भिलाई इस्पात संयंत्र बॉल बैडमिंटन क्लब, श्यामल बनर्जी कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ, अंकित लूनिया, रेफरी गोपाल साहू सेवन दास, चिंतामणि केशव, केसर और ऋतु ठाकुर सहित सभी रेफरी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मनोठिया को अखिल भारतीय विद्युत खेल नियंत्रण बोर्ड का जिम्मा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक(पीसी एंड आर ए) के एस मनोठिया ने आज अखिल भारतीय विद्युत खेल नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष पद का पदभार ग्रहण किया। वर्ष 2025 की वार्षिक बैठक मे श्री मनोठिया छत्तीसगढ़ से इस पद के लिए पहली बार चुने गये। वह लम्बे समय से शीर्ष पद पर कार्यरत सुरेश कैमल की जगह लेंगे। वार्षिक बैठक रायपुर में संपन्न हुई,जहां वर्ष 2025 -26 के वार्षिक खेल कैलेंडर के साथ वार्षिक ऑडिट की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। अखिल भारतीय विद्युत नियंत्रण बोर्ड से कुल 15 सदस्य राज्य की विद्युत कंपनियां जुड़ी हैं जिसका उद्देश्य विभिन्न राज्यों के विद्युत कर्मियों को मंच प्रदान करना है। श्री मनोठिया ने बताया कि अखिल भारतीय विद्युत खेल नियंत्रण बोर्ड द्वारा यह 47 वां खेल आयोजन होगा। जिसके तहत 13 खेल गतिविधियों के लिए 12 राज्यों की विद्युत कंपनियों को आयोजन का कार्य सौंपा गया है। इस बार छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी को बैडमिंटन स्पर्धा की मेजबानी का अवसर मिलेगा, जो नवम्बर माह मे होना प्रस्तावित है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट केंद्रीय क्रीडा एवं कला परिषद के सदस्यों ने श्री मनोठिया को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## थायराइड प्रबंधन देगा आपको बेहतर स्वास्थ

# थायराइड को नियंत्रित करने के लिए जीवनशैली में करें छोटे-छोटे बदलाव, कुछ दिनों में दिखेगा असर


थायराइड की समस्या एक ऐसी समस्या है जिससे बहुत से लोग परेशान रहते हैं। यह ऐसी समस्या है जिससे संपूर्ण स्वास्थ्य प्रभावित होता है। जो लोग इस समस्या से परेशान हैं, उन्हें अपनी दिनचर्या कुछ छोटे बदलाव करना चाहिए, जो उनके थायराइड प्रबंधन में मदद करता है।

थायराइड ग्रंथि एक छोटी, तितली के आकार की ग्रंथि है जो शरीर की गर्दन के निचले हिस्से में स्थित होती है। यह ग्रंथि शरीर की कई महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं को नियंत्रित करती है, इसे शरीर की 'मास्टर ग्लैंड' भी कहा जाता है। यह मेटाबॉलिज्म, एनर्जी लेवल, शरीर के तापमान और लगभग हर अंग के कामकाज को नियंत्रित करने वाले हार्मोन का उत्पादन करती है। जब थायराइड ग्रंथि ठीक से काम नहीं करती, तो कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनमें हाइपोथायरायडिज्म (हार्मोन का कम उत्पादन) और हाइपरथायरायडिज्म (हार्मोन का अधिक उत्पादन) प्रमुख हैं। दुनियाभर में करोड़ों लोग थायराइड संबंधी बीमारी से जूझ रहे हैं, और भारत में इसकी व्यापकता तेजी से बढ़ रही है। हालांकि, दवाएं अक्सर इस स्थिति को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, लेकिन इसके साथ अगर आप दिनचर्या में कुछ छोटे बदलाव करते हैं तो ये आपको थायराइड की समस्या को दूर करने में काफी मदद कर सकते हैं। आइए आज हम ऐसे ही तीन महत्वपूर्ण जीवनशैली परिवर्तनों के बारे में जानते हैं, जो आपकी थायराइड सेहत को बेहतर बना सकते हैं।



### संतुलित और थायराइड-अनुकूल आहार

थायराइड के सही कामकाज के लिए कुछ खास पोषक तत्व बेहद जरूरी होते हैं। अपने आहार में आयोडीन, सेलेनियम और जिंक को शामिल करना महत्वपूर्ण होता है। आयोडीन थायराइड हार्मोन के उत्पादन के लिए जरूरी है (आयोडीन युक्त नमक, समुद्री भोजन), जबकि सेलेनियम थायराइड हार्मोन को सक्रिय करने में मदद करता है। जिंक भी थायराइड हार्मोन के उत्पादन में सहायक है, इसके लिए आप कद्दू के बीज, दाल और मेवे का सेवन कर सकते हैं। इसके साथ संतुलित आहार लें, और इस बात ध्यान रखें कि गोइट्रोजेनिक खाद्य पदार्थ (जैसे कच्ची क्रूसिफेरस सब्जियां, पत्तागोभी, ब्रोकोली) का अत्यधिक सेवन न करें और इसे हमेशा अच्छे से पकाकर ही खाएं, नहीं तो ये थायराइड ग्रंथि के कार्य प्रणाली में बाधा डाल सकता है।




### नियमित शारीरिक गतिविधि

नियमित शारीरिक गतिविधि न केवल समग्र स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि थायराइड के मरीजों के लिए भी यह बेहद उपयोगी है। रोज सुबह हल्का व्यायाम करें। व्यायाम चयापचय को बढ़ावा देता है, जो अक्सर हाइपोथायरायडिज्म में धीमा हो जाता है। यह वजन प्रबंधन में सहायता करता है, जो थायराइड की एक आम समस्या है।

इसके अलावा, नियमित व्यायाम से एंडोर्फिन रिलीज होते हैं जो मूड को बेहतर बनाते हैं, थकान भी कम करते हैं। रोजाना कम से कम 30 मिनट की मध्यम तीव्रता वाली कसरत जैसे तेज चलना, जॉगिंग, साइकिल चलाना या तैरना अपनी दिनचर्या में शामिल करें। शुरुआत धीरे-धीरे करें और अपनी शारीरिक क्षमता के अनुसार इसे बढ़ाएं।

### तनाव प्रबंधन और मानसिक शांति

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक तनाव एक आम समस्या है, अगर किसी को पहले से थायराइड



की समस्या है, तो उसे मानसिक तनाव दूर करने के लिए काम करना चाहिए। स्ट्रेस थायराइड के स्वास्थ्य पर सीधा असर डालता है। दीर्घकालिक तनाव से कोर्टिसोल का लेवल बढ़ता है, जो थायराइड हार्मोन के उत्पादन को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। इससे थकान, वजन बढ़ना और मूड स्विंग्स जैसे लक्षण और बिगड़ सकते हैं। तनाव को नियंत्रित करने के लिए रोजाना कुछ मिनट ध्यान, गहरी सांस लेने के व्यायाम, योग या अपने पसंदीदा शौक (जैसे संगीत सुनना, गार्डनिंग) में समय बिताएं। तनाव कम होने से थायराइड ग्रंथि बेहतर ढंग से कार्य करती है।



# फोन से निकलती किरणों से त्वचा को होते हैं बड़े नुकसान

अगर आप भी फोन को एकदम अपने चेहरे के पास लाकर इस्तेमाल करते हैं, तो इस लेख को अंत तक पढ़ें। ये हर किसी के लिए बेहद जरूरी है। आज के समय में मोबाइल हर किसी की जिंदगी का काफी अहम हिस्सा हो गया है। सुबह उठते ही और रात को सोते समय, हर किसी के हाथ में मोबाइल तो होता ही है। शायद ही लोग कभी अपने फोन को छोड़कर कहीं जाते हैं। डॉक्टर भी सलाह देते हैं कि ज्यादा मोबाइल के इस्तेमाल से आंखों पर प्रभाव पड़ता है, लेकिन लोग नहीं समझते। पर, क्या आप जानते हैं कि मोबाइल आपकी आंखों के साथ-साथ आपकी स्किन को भी डैमेज कर रहा है। जी हां, मोबाइल से निकलने वाली किरणें आपकी स्किन को डैमेज करने का कारण बन रही हैं। यहां हम आज आपको इसी बारे में जानकारी देंगे।

### क्यों होता है नुकसान ?



सबसे पहले जानते हैं कि आखिर फोन से आने वाली लाइट स्किन को कैसे नुकसान पहुंचांती है। दरअसल, फोन की स्क्रीन से ब्लू लाइट निकलती है, जो न सिर्फ हमारी आंखों को बल्कि साथ ही में स्किन को भी काफी नुकसान पहुंचाती है। इससे धीरे-धीरे आपकी स्किन डैमेज होने लगती है। ध्यान रखें कि आमतौर पर फोन की किरणें त्वचा को बहुत गंभीर नुकसान नहीं पहुंचातीं, लेकिन लंबे समय तक और लगातार इस्तेमाल होने पर ये समस्याएं हो सकती हैं। इस ब्लू लाइट से आपकी त्वचा को क्या नुकसान पहुंचते हैं, हम आपको आज इस बारे में बताएंगे।

### बढ़ती है उम्र

मोबाइल से निकलने वाली ब्लू लाइट स्किन की आंतरिक परत तक को नुकसान पहुंचा सकती है। इसकी वजह से स्किन पर धीरे-धीरे चेहरे पर झुर्रियां, झाइयां आने लगती है। जिस कारण त्वचा जल्दी बूढ़ी दिखने लगती है। ऐसे में फोन को जब भी इस्तेमाल करें, तो त्वचा से दूर ही रखें।

### धीरे-धीरे त्वचा की रंगत का खोना

मोबाइल की ब्लू लाइट धीरे-धीरे स्किन में मेलानिन तत्व का उत्पादन बढ़ा देता है। जब मेलानिन बढ़ जाता है तो त्वचा पर हाइपरपिगमेंटेशन या काले धब्बे हो सकते हैं।इससे कई बार स्किन टोन भी असामान्य हो जाता है।

### बढ़ेगा स्किन का रूखापन

अभी बारिश का मौसम है, लेकिन फिर भी स्किन का रूखापन काफी बढ़ा हुआ है। ऐसे में अगर आप मोबाइल को अपने चेहरे के पास रखेंगे तो इससे आपकी दिक्कत और बढ़ सकती है। दरअसल, लगातार फोन की स्क्रीन देखने से त्वचा की नमी कम हो सकती है, जिससे त्वचा रूखी और संवेदनशील हो सकती है।

### स्किन होगी संवेदनशील

ये प्वाइंट सबसे अहम है। दरअसल, मोबाइल की ब्लू लाइट त्वचा की प्राकृतिक बैरियर फंक्शन को कमजोर कर सकती है, जिससे त्वचा बाहरी प्रदूषण और संक्रमण के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाती है।



# बर्तन से भी आता है भोजन में स्वाद, जानिए इसकी वजह

अक्सर लोगों को ये समझ नहीं आता है कि कौन सी सब्जी कढ़ाही में बनाई जाती है, और कौन सी प्रेशर कुकर में। इसी के चलते लोग संशय में रहते हैं। इस बारे में आपको जानना जरूरी है।

### लौकी-तुरई

यदि आपको लौकी-तुरई खाना पसंद है, तो इसे हमेशा कुकर में ही पकाना चाहिए। कुकर में लौकी-तुरई बनाने के जलने का खतरा नहीं रहेगा। अगर आप इसे कढ़ाई में बनाएंगे तो तो ये जल्दी पक कर नीचे से जल सकती है, जबकि कुकर में लौकी-तुरई बनाने से इसका स्वाद अंदर तक समा जाता है। ऐसे में आप जब भी लौकी या तुरई की सब्जी बनाना चाहते हैं तो कुकर में ही बनाएं।

### पालक का साग

कुछ सब्जियों को गलाने में काफी मेहनत लगती है, इन्हीं में शामिल है पालक का साग। इसे भी आपको कढ़ाही में बनाने की जगह कुकर में ही बनानी चाहिए। कुकर में पकाने से ये जल्दी बनती हैं और फिर बाद में कढ़ाई में तड़का दिया जा सकता है। इसे आपको ज्यादा देर तक कढ़ाई में नहीं पकाना चाहिए।

### आलू-बैंगन की ग्रेवी वाली सब्जी

ये दोनों सब्जियां जब एक साथ पकती हैं तो उनका स्वाद कई गुना बढ़ जाता है। आलू को गलने में थोड़ा समय लगना है, ऐसे में इसे बैंगन के साथ कुकर में ही पकाएं। विशेष रूप से जब इसे ग्रेवी के साथ तैयार किया जा रहा है, तब तो



इसे कुकर में ही तैयार करें। कढ़ाई में बनने वाली सब्जियां इस तरह से हैं।

### भिंडी

यदि आप कुकर में भिंडी बनाएंगी तो ये चिपचिपी हो जाएंगी। इसलिए भिंडी को हमेशा कढ़ाई में ही बनाया जाता है। कढ़ाई में बनने से भिंडी का स्वाद कई गुना बढ़ जाता है। ऐसे कढ़ाई में धीमी आंच पर भूनने से भिंडी कुरकुरी और स्वादिष्ट बनती है और इसके मसाले भी अच्छी तरह से भुन जाते हैं।

### फूलगोभी और पत्तागोभी

अगर कुकर मेंगोभी को पकाया जाएगा तो ये बहुत ज्यादा गल जाती है, जिसकी वजह से इसका स्वाद बिगड़ सकता है। ऐसे में इसे हमेशा कढ़ाई में तैयार करें। गोभी चाहे कोई सी भी हो, उसे हल्का कुरकुरा रखकर बनाना बेहतर होता है। ये थोड़ी खड़ी-खड़ी रहेंगी तो इसका स्वाद ज्यादा आएगी।

# घर में सुख-समृद्धि और शांति आएगी फेंगशुई के इन उपायों से

आज के समय में हर कोई शांति और सूकून का समय व्यतीत करना चाहता है। इसके लिए आप फेंग शुई के कुछ उपाय अपना सकते हैं।



### प्रवेश द्वार पर ध्यान दें

आपके घर का प्रवेश द्वार सिर्फ आने-जाने का रास्ता नहीं, बल्कि यह वह जगह है जहां से घर में धन और समृद्धि की ऊर्जा प्रवेश करती है। अगर आपका मुख्य दरवाजा खोलते या बंद करते समय चरमराहट की आवाज आती है, तो तुरंत उसे ठीक करवाएं। ऐसी आवाजें नकारात्मकता फैलाती हैं और घर के सदस्यों के समग्र कल्याण को प्रभावित करती हैं। आप दरवाजे के कब्जों में कुछ बूंदें तेल डालकर इसे ठीक कर सकते हैं।

### घर के सभी सामान को व्यवस्थित रखें

फेंग शुई के अनुसार, नियमित रूप से घर की सफाई और सभी सामानों को व्यवस्थित रखना चाहिए। अव्यवस्थित जगह कभी भी सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित नहीं कर सकती। सबसे पहले, उन चीजों की लिस्ट बनाएं जिनसे आप छुटकारा पाना चाहते हैं। हर वीकेंड पर 30 मिनट का समय निकालकर अपने घर को व्यवस्थित करें। हमेशा छोटे हिस्सों से शुरुआत करें और फिर बड़े हिस्सों की ओर बढ़ें।

### अपने बिस्तर को सही स्थिति में रखें

आपके बेडरूम में बिस्तर का व्यवस्थित होना आपके स्वास्थ्य, रिश्तों और समग्र कल्याण पर गहरा असर डालता है। फेंग शुई के अनुसार, आपके बिस्तर को 'कमांडिंग पोजीशन' में रखना चाहिए। इसका मतलब है कि जब आप बिस्तर पर लेटे हों, तो आपको बेडरूम के दरवाजे का सीधा नजारा मिलना चाहिए।

## कार्नर न्यूज

## दोस्ती वर्षों तक चलेगी अगर अपनाएंगे ये नियम

# कम बातचीत और गहरा रिश्ता, दोस्ती मजबूत बनाने के लिए जीवन में अपनाएं कुछ जरूरी गोल्डन रूल्स

हर साल अगस्त महीने के पहले रविवार को फ्रेंडशिप डे मनाया जाता है, जो कि दोस्तों और मित्रता के रिश्ते को समर्पित एक खास दिन है। इस साल फ्रेंडशिप डे 3 अगस्त को मनाया जा रहा है। दोस्ती की बात होती है तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा को याद किया जाता है। कर्ण और दुर्योधन की दोस्ती, प्रभु श्री राम और सुग्रीव की दोस्ती की मिसाल हैं। लेकिन क्या अब ऐसी दोस्ती देखने को मिलती है। आज की डिजिटल दुनिया में जहां दोस्ती भी डिजिटल हो चुकी है जो कि इमोजी से लेकर सीन तक सिमट गई है। जब तक आप एक दूसरे से बात करते हैं या मिलते रहते हैं, दोस्ती बनी रहती है, और जहां चैट बंद दोस्त भी भुला दिया जाता है। हालांकि ऐसा सबके साथ नहीं है। सोशल मीडिया के जरिए टिकी ये दोस्ती भी बिना रोज मिले, बात या चैट किए बिना भी दिल से जुड़े रिश्ते बन जाती हैं। फ्रेंडशिप गोल्स सिर्फ हर दिन घंटों तक बात करना नहीं है, बल्कि एक ऐसा जुड़ाव है जो कम बातों में भी ज्यादा अपनापन देता है। कुछ ऐसी तरकीब है जिसे अपनाकर आप ऐसे खास रिश्ते और दोस्त बना सकते हैं।



### हर बातचीत को बनाएं खास

ये तो आपने सुना ही होगी कि क्वान्टिटी के ज्यादा क्वालिटी मायने रखती है। दोस्ती में भी वह गुणवत्ता जरूरी है। दोस्ती का मतलब लंबे फोन कॉल्स, घंटों चैटिंग या देर तक बैठकर बातचीत करना नहीं है। एक प्यार भरा मैसेज, दिल से भेजी गई तस्वीर या पुरानी याद शेयर करने से भी जुड़ाव को मजबूत किया जा सकता है। व्यस्त जीवनशैली में दोस्त से रोज बात करने का वक्त नहीं मिल पाता है तो उन्हें कभी-कभी दिल से प्यार भरा संदेश भेज दें। इतना ही काफी है आपका भावना उन तक पहुंचने और रिश्ते की गहराई बढ़ाने के लिए।

### पुरानी यादों को करें सेलिब्रेट

समय-समय पर पुरानी यादों को सेलिब्रेट करें। इसके लिए पुरानी फोटो एल्बम देखें, बचपन की बातें करें या वो व्हाट्सएप चैट्स पढ़ें, जो आपको हंसाती थीं। यादें रिश्तों की रीढ़ होती हैं। इस तरह आप अपने दोस्त से जुड़ाव को हमेशा महसूस करेंगे। जीवन मे जितना आगे निकल जाएं, आपके दोस्त के लिए आपकी भावनाएं बदलेंगी नहीं।

### जरूरत पर साथ खड़े रहें



भले ही आपकी दोस्त से बातचीत कम होती है या मिलना-जुलना भी नहीं हो पाता हो, कोई बात नहीं। लेकिन जब ज़रूरत हो तो ₹मैं हूं तेरे लिए₹ वाला भाव सबसे ज्यादा मायने रखता है। आप मीलों दूर हों लेकिन उन्हें ये अहसास जरूर कराएं कि आप दोस्त के साथ हर परिस्थिति में हैं।

### छोटे-छोटे सरप्राइज से ज़ाहिर करें अपनापन

दोस्ती में वो उत्साह बनाए रखें। उनका जन्मदिन या दोस्त के खास दिन को न भूलें। समय-समय पर छोटे-छोटे सरप्राइज, तोहफे देकर वो बचपना या दोस्ताना बनाए रख सकते हैं जो दोस्ती के शुरुआती दौर में था। कोई अच्छा गाना भेजना, हाथ से लिखा नोट, या ऑनलाइन सरप्राइज ये छोटी बातें दोस्ती को बड़ा बना देती हैं।


### तुलना से बचें

हर दोस्ती अलग होती है। आपके जीवन में कई दोस्त होंगे। अपने सभी दोस्तों की तुलना एक दूसरे से करने के बजाय अपनी दोस्तती को उसकी खासियतों के लिए अपनाएं और संभाल कर रखें।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जस्टिन टूडो के साथ दिखी सिंगर कैटी पेरी, चर्चाओं का बाजार हुआ गर्म



पॉप सिंगर कैटी पेरी अब अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर एक बार फिर चर्चाओं में आ गई हैं। कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन टूडो के साथ उनकी डिनर करने की तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं। हॉलीवुड की पॉप सिंगर कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो इन दिनों सुर्खियों में हैं और इसकी वजह है दोनों की साथ में डिनर डेट। मॉन्ट्रियल में दोनों को एक हाई-एंड रेस्टोरेंट में एक साथ डिनर करते और बाद में पार्क में टहलते देखा गया, जिससे सोशल मीडिया और इंटरनेशनल मीडिया में उनके बीच डेटिंग को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया है।

कैटी पेरी इन दिनों अपने 'लाइफटाइम्स टूर' के लिए कनाडा में हैं और इसी दौरान वो मॉन्ट्रियल पहुंचीं। वहीं, जस्टिन टूडो के साथ उनकी नजदीकियां पहली बार उस वक्त चर्चा में आईं जब दोनों को दिन के समय माउंट रॉयल पार्क में टहलते हुए देखा गया। टूडो ने कैजुअल जीन्स और टी-शर्ट पहनी थी, जबकि पेरी भी सिंपल लुक में थीं। इस दौरान कैटी पेरी के साथ उनका पालतू कुत्ता भी था। इसके बाद दोनों को शाम को मॉन्ट्रियल के एक शानदार रेस्टोरेंट में एक साथ डिनर करते देखा गया। इंटरनेशनल मीडिया के सूत्रों की मानें तो दोनों ने लॉबस्टर और कई कोर्स की डिशेज एन्जॉय की और साथ में कॉकटेल का भी मजा लिया। रेस्टोरेंट के एक कर्मचारी ने यहां तक बताया कि उनकी शाम बेहद खास लग रही थी। हाल ही में कैटी पेरी और ऑरलैंडो ब्लूम के बीच करीब 10 साल के रिश्ते और सगाई के बाद ब्रेकअप हुआ है। दोनों अब अपनी 4 साल की बेटी डेजी डोव ब्लूम की को-पेरेंटिंग कर रहे हैं।

### टॉलीवुड

## 'द राजा साब' रिलीज नहीं होगी तय तारीख पर प्रभास के फैंस को करना होगा और इंतजार



साउथ एक्टर प्रभास की अगली फिल्म 'द राजा साब' एक रोमांटिक हॉरर कॉमेडी होगी, जिसका निर्देशन मारुति कर रहे हैं। इस फिल्म के टीजर को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। लेकिन ताजा जानकारी के अनुसार, यह फिल्म अब अपनी निर्धारित तारीख पर रिलीज नहीं हो पाएगी।

पहले प्रभास की फिल्म 'द राजा साब' इस साल 10 अप्रैल रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में इसे 5 दिसंबर के लिए टाल दिया गया। लेकिन अब खबर के अनुसार, यह फिल्म फिर से टल सकती है और संक्रांति 2026 में, यानी 9 जनवरी, 2026 को रिलीज हो सकती है। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

'द राजा साब' में बहुप्रतीक्षित फिल्म है। इस हॉरर कॉमेडी फिल्म में प्रभास के अलावा मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल, संजय दत्त और रिद्धि कुमार मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसे टीजी विश्व प्रसाद और पीपल मीडिया फैक्ट्री प्रोड्यूस कर रहे हैं। इसका संगीत थमन ने तैयार किया है। इस पैन इंडिया फिल्म को कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। साउथ एक्टर प्रभास 'द राजा साब' के अलावा और भी कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रभास 'स्पिरिट', 'फौजी' और 'सालार 2' जैसी फिल्मों में नजर आएंगे। फिल्म 'स्पिरिट' को संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित करेंगे। वहीं 'फौजी' और 'सालार 2' के लिए भी प्रशंसक काफी उत्साहित हैं।

### भोजपुरी

## 'हैंडसम पति मैं तुमसे प्यार करती हूं' मोनालिसा ने पति विक्रांत पर बरसाया प्यार



भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर पति विक्रांत सिंह राजपूत संग कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। यह तस्वीरें विक्रांत के जन्मदिन की हैं। मोनालिसा ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी और पति विक्रांत सिंह राजपूत की कई लाजवाब तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। मोनालिसा ने यह तस्वीरें खासतौर पर विक्रांत के जन्मदिन पर शेयर की हैं। सेलेब्स और फैंस भी विक्रांत को जन्मदिन की बधाई दे रहे हैं। मोनालिसा ने आज इंस्टाग्राम पर पति विक्रांत सिंह राजपूत के साथ कई रोमांटिक तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो हैंडसम ₹पति₹ ... मैं तुमसे प्यार करती हूं। उनके जन्मदिन को और भी खास बनाने के लिए बेहतरीन सूफी संगीत के साथ शानदार समय बिताया।' मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। मोनालिसा के इंस्टाग्राम पर 5.9 मिलियन फॉलोअर्स हैं। मोनालिसा की इस खास पोस्ट पर कई सेलेब्स और फैंस ने भी विक्रांत को जन्मदिन की बधाई दी है। मोनालिसा की इस पोस्ट को भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह के अलावा 16 हजार से ज्यादा लोगों ने पसंद किया है। एक्ट्रेस सीमा सिंह ने लिखा, 'जन्मदिन की शुभकामनाएं', सीमा की इस बधाई पर मोनालिसा ने उनका धन्यवाद किया। एक्टर प्रसून यादव ने लाल दिल वाले इमोजी बनाए हैं। रितेश कुमार ठाकुर ने क्लैप इमोजी बनाई है। एक्ट्रेस मधु शर्मा ने लिखा, 'जन्मदिन की शुभकामनाएं', एक फैन ने लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो भाई..हमेशा खुश रहो', एक और फैन ने लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो विक्रांत सर', एक और फैन ने लिखा, 'बिग बॉस के यादगार कपल', एक और फैन ने लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो हैंडसम, हमेशा खुश रहो।'

## लाइफ स्टाइल

### टिस्कारेनो का कलेक्शन





हेरिटेज हाउस और उभरते हुए लेबल्स से भरे फ़ैशन परिदृश्य में विव्ज़ वर्ल्ड फ़ैशन वीक ने विविध, दूरदर्शी डिज़ाइनरों को मंच देने अपनी अलग पहचान बनाई है। और जहाँ लंदन फ़ैशन वीक नवाचार के लिए कोई अजनबी नहीं है, वहीं 2025 ने विव्ज़ वर्ल्ड फ़ैशन वीक की वापसी ने रचनात्मकता की एक नई लहर ला दी है। शो की शुरुआत मैनुअल टिस्कारेनो के इन कलेक्शन से हुई।

## बार-बार कटवाने के बावजूद दोमुंहे बालों से परेशान तो आजमाएं ये आसान नुस्खे



यदि आप भी दो मुंहे बालों से परेशान हैं, तो हमारे बताए नुस्खों को एक बार आजमाकर देख लें। इससे आपको अवश्य ही राहत मिलेगी। बारिश के मौसम में ज्यादातर लोग बालों से संबंधित समस्याओं से परेशान रहते हैं। खासतौर पर दो मुंहे बाल, जिन्हें स्प्लिट एंड्स भी कहते हैं, ये परेशानी महिलाओं का पीछा नहीं छोड़ती। हर महीने ट्रिमिंग कराने के बावजूद बालों दो भागों में विभाजित होकर दोमुंहे हो जाते हैं। जिससे ये देखने में काफी खराब लगते हैं। अब हफ्ते या 15 दिन में बाल कटाना संभव नहीं है। तो यदि आपके बाल भी जल्दी और बार-बार दोमुंहे होते हैं तो कुछ घरेलू नुस्खे ट्राई करें। इससे आपके बालों को नमी मिलेगी, जिससे बाल दो मुंहे नहीं होंगे।

### नारियल तेल और नींबू

यदि आप आसान विधि से अपने जो मुंहे बालों को हटाना चाहती हैं तो उसके लिए इन दो चीजों का इस्तेमाल करें। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में थोड़ा सा नींबू का रस लेकर उसमें नारियल का तेल मिक्स करें। अब इस मिश्रण को अपने बालों के छोर पर अप्लाई करें। ध्यान रखें नींबू हर किसी को सूट नहीं करता है, इसलिए इसे स्कैल्प पर पैच टेस्ट के बाद ही अप्लाई करें। अप्लाई करने के बाद आधे घंटे तक बालों को ऐसे ही छोड़ दें। आधे घंटे के बाद अपने बालों को किसी माइल्ड शैंपू की मदद से धो लें। हफ्ते में दो बार ऐसा करें और फर्क देखें।

शहद और जैतून का तेल

जैतून का तेल यानी कि ऑलिव ऑयल भी आपको आसानी से अपने घर पर मिल जाएगा। इसमें कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो बालों को रिपेयर करने का काम करते हैं। इसके लिए एक चम्मच शहद में दो चम्मच जैतून का तेल मिलाएं। अब इस पैक को अपने बालों में अप्लाई करें। बालों में पैक लगाने के बाद आधे घंटे के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें। शहद आपके बालों में नमी को लॉक करने का काम करेगा। आधे घंटे के बाद जब पैक हल्का-हल्का सूखने लगे तो बालों को धो लें। इसक दौरान बालों की सफाई अच्छे से करें, ताकि शहद बालों में चिपका न रह जाए।

## फ्रेंडशिप डे पर क्यूट, कंफर्टेबल और इंस्टा-रेडी आउटफिट



हर साल अगस्त के पहले रविवार को फ्रेंडशिप डे मनाया जाता है। इस साल ये दिन 3 अगस्त को पड़ेगा, इसलिए इस साल फ्रेंडशिप डे 3 अगस्त को मनाया जाएगा। जब हम सभी छोटे थे, तो इस दिन के लिए काफी उत्साहित रहते थे। बाजार जाकर अपने दोस्तों के लिए फ्रेंडशिप बैंड खरीदते थे, और उन्हें बांधते थे। अब जैसे-जैसे हम बड़े हुए और समय बदला तो लोग सिर्फ एक-दूसरे को विश कर देते हैं। इसके अलावा अब बस लोग दोस्तों के साथ घूमने का प्लान बना लेते हैं। यदि आप भी अपने दोस्तों और सहेलियों के साथ इस फ्रेंडशिप डे पर घूमने जा रही हैं, और समझ नहीं आ रहा कि क्या पहनें तो यहां उसके कुछ विकल्प दिए जा रहे हैं।



क्यूट दिखने के लिए पहनें ऐसा को-ऑर्ड सेट

अगर आपको क्यूट दिखना पसंद है तो इस तरह का को-ऑर्ड सेट आप कैरी कर सकती हैं। इसके लिए आपको माइक्रो स्कर्ट, टीशर्ट और जैकेट कैरी करनी है। इस तरह की ड्रेस के साथ अपने बालों को कर्ल करें। कर्ल बाल आपकी खूबसूरती को बढ़ाने का काम करेंगे। ऐसे आउटफिट के साथ बालों को हाफ टाई करके बो अवश्य लगाएं।

### नी लेंथ ड्रेस



कुछ हटकर लेकिन क्लासी पहनने का मन है, तो इस तरह की नी लेंथ ड्रेस पहनें। ऐसी ड्रेस तकरीबन हर लड़की के पास होती है। ऐसी ड्रेस के साथ पैरों में हील्स अवश्य कैरी करें। हील्स की वजह से आपका लुक और ड्रेस और भी प्यारा दिखेगा। इसके साथ गले में और हाथ में कुछ एक्सेसरीज अवश्य पहनें, ताकि आपका लुक अच्छा दिखे।

### ऑम्ब्रे गाउन

यदि सहेलियों के साथ डिनर पर जाने का प्लान बना है तो इस तरह का ऑम्ब्रे गाउन कैरी करें। ऐसा ऑम्ब्रे गाउन रात के समय बहद खूबसूरत दिखेगा। ऐसे गाउन के साथ आपका मेकअप हल्का होना चाहिए, ताकि लुक प्यारा दिखे।

## बच्चियों को लिपस्टिक लगाने देने से पहले सभी पहलू सोच लें अच्छी तरह



लिपस्टिक एक ऐसा मेकअप प्रोडक्ट है, जिसके इस्तेमाल से आपका लुक एकदम से बदल जाता है। ऐसे में हर महिला के बाद लिपस्टिक का शानदार कलेक्शन होता है। पर, कई बार बड़ों की देखा-देखी घर की बच्चियां भी लिपस्टिक लगाने लगती है। उन्हें लिपस्टिक लगाना पसंद आने लगता है।

### सूखने लगेंगे होंठ

यदि छोटी बच्चियां ज्यादा लिपस्टिक का इस्तेमाल करती हैं, तो उससे उनके होंठ धीरे-धीरे सूखने लगते हैं। कई बार तो ये दिक्कत इतनी बढ़ जाती है, कि इस कारण होंठ फटने भी लगते हैं, और जख्म हो जाता है।

### शरीर को हो सकता है नुकसान

कई सस्ती लिपस्टिक में भारी धातुएं जैसे लेड, कैडमियम हो सकती हैं, जो बच्चों के लिए विशेष रूप से हानिकारक हैं। ये रसायन शरीर में जाकर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकते हैं। इसलिए जितना हो सकें, इससे बचें।

### त्वचा संक्रमण का खतरा

कई तरह की लिपस्टिकों में जो केमिकल मौजूद होते हैं, वो होंठों पर बैक्टीरिया संक्रमण का कारण बनते हैं। ये दिक्कत तब सबसे ज्यादा होती है, जब आपके घर की बच्ची किसी और के द्वारा इस्तेमाल की हुई लिपस्टिक का इस्तेमाल करती है। इसलिए ऐसा करने से उसे हमेशा रोकें।

### क्या हैं इसके सुरक्षित विकल्प?

यदि आपकी बेटी या घर की बच्ची लिपस्टिक लगाने की जिद कर रही है तो उसके लिए ऐसे टिंटेड लिप बाम लेकर दें।

## डेड स्किन हटाएं और स्किन को करें रिपेयर घरेलू बॉडी स्क्रब से



त्वचा पर जमी डेड स्किन की वजह से चेहरा और हाथ-पैर काफी डल दिखने लगते हैं। ऐसे में दमकती त्वचा पाने के लिए लोग समय-समय पर बॉडी स्क्रब का इस्तेमाल करते हैं, जो स्किन के लिए काफी सही माना जाता है। ये बॉडी स्क्रब आपकी स्किन की मृत त्वचा को हटाकर स्किन टोन को एक शेड तक लाइट कर देता है। बाजार में अब हर स्किन टाइप के हिसाब से बॉडी स्क्रब आते हैं। अगर आपको बाजार में आने वाले स्क्रब पर भरोसा नहीं है, तो आप घरेलू स्क्रब ट्राई करें।

### कॉफी और नारियल तेल

इन दोनों चीजों के इस्तेमाल से आप घर पर ही बॉडी स्क्रब तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आपको सिर्फ एक कटोरी में सबसे पहले नारियल का तेल लेना है। अब इसमें थोड़ी सी पिसी चीनी और कॉफी मिक्स करें। दोनों चीजों को मिक्स करने के बाद इसे स्किन पर अप्लाई करें। 5 मिनट इसे ऐसे ही लगा रहने दें और फिर हल्का गीला करके मसाज करें। मसाज के बाद पानी से धो लें। इससे आपके शरीर की गंदगी साफ हो जाएगी और त्वचा खिल उठेगी।

### शहद और ओट्स


ये दोनों चीजें आपको आसानी से अपनी रसोई में मिल जाएंगी। इनसे स्क्रब बनाने के लिए आपको बस दूध की जरूरत और पड़ेगी। तो सबसे पहले एक कटोरी में दरदरा पिसा ओट्स लें और फिर उसमें थोड़ा सा शहद और दूध मिक्स करें। तीनों चीजों को मिक्स करने के बाद अपनी स्किन पर इसे अप्लाई करें और फिर मसाज के बाद त्वचा धो लें। ये त्वचा को दमकाने के साथ-साथ त्वचा की नमी को बरकरार रखता है।

### कार्नर न्यूज

#### फैशन में आउटफिट का रंग तय करता है आपका मेकअप

## आउटफिट के रंग के हिसाब से ही करें मेकअप, बढ़ जाएगी आपकी खूबसूरती

अगर आप परफेक्ट लुक पाना चाहती हैं तो मेकअप हमेशा अपने आउटफिट के रंग के हिसाब से ही करें। यहां उसके कुछ विकल्प आपको दिए जा रहे हैं। वो कहते हैं न कि मेकअप सिर्फ सुंदरता बढ़ाने का जरिया नहीं है, ये एक ऐसी कला है, जिसकी वजह से महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों का भी आत्मविश्वास बढ़ता है। आज के समय में महिलाएं और पुरुष दोनों ही मेकअप का इस्तेमाल करते हैं। मेकअप अगर सही से किया जाए तो ये खूबसूरती बढ़ा देता है, वहीं गलत तरह से किया जाने वाला मेकअप आपके लुक को पूरी तरह से बिगाड़ भी सकता है। ध्यान रखें कि परफेक्ट मेकअप हमेशा आउटफिट के हिसाब से किया जाता है। यदि आपको भी मेकअप करना पसंद है और आप परफेक्ट लुक पाना चाहती हैं तो अपने आउटफिट के रंग के हिसाब से ही मेकअप करें। मेकअप गाइड के रूप में ये लेख आपकी मदद करेगा।



### ब्लैक आउटफिट

यदि आपको ब्लैक रंग का आउटफिट पहनना पसंद है तो उसके साथ मेकअप भी सही से करें। दरअसल, ब्लैक आउटफिट अपने आप में ही काफी बोल्ड होता है, ऐसे में इसके साथ थोड़ा अलग तरह का मेकअप अच्छा लगता है।

आप ब्लैक रंग के आउटफिट के साथ रेड, वाइन या डीप मरून रंग की लिपस्टिक लगा सकती हैं। इसके अलावा स्मोकी आईज या सिल्वर शिमर ब्लैक आउटफिट में चार चांद लगा देंगे। पिंक ब्लश आपको और खूबसूरत बनाएं। वहीं ब्लैक आउटफिट के साथ हाईलाइटर हमेशा गोल्डन टच वाला इस्तेमाल करें।



### रेड आउटफिट

महिलाओं का लाल रंग काफी पसंद आता है। इसे वो खासतौर पर त्योहारों के सीजन में भी पहनना पसंद करते हैं। यदि आपके पास भी लाल रंग का आउटफिट है तो उसके साथ हमेशा न्यूड या फिर ब्राउन शेड की लिपस्टिक का इस्तेमाल करें। अब लाल आउटफिट के साथ लाल लिपस्टिक का ट्रेंड चला गया। ये सिर्फ कुछ ही मौकों पर अच्छी लगती है।

लाल आउटफिट के साथ ब्राउन स्मोकी या विंग्ड लाइनर आपकी आंखों को बड़ा दिखाएगा। इसके अलावा लुक को और प्यारा बनाने के लिए टेराकोटा ब्लश इस्तेमाल करते हुए वॉर्म टोन का हाइलाइटर ब्यूटी बोन्स पर अप्लाई करें। ध्यान रखें कि लाल आउटफिट के साथ आपका मेकअप सटल होना चाहिए।